दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। सोमवार 01 सितंबर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 252 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## गृह मंत्री के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी मामले में महुआ मोइत्रा पर एफआईआर दर्ज




**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बारे में कथित तौर पर ह्लआपत्तिजनकह्व टिप्पणी करने को लेकर टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। उनके खिलाफ भाजपा शासित राज्य छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एफआईआर दर्ज की गई है। रायपुर निवासी गोपाल सामंतो की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया है।

इस मामले में रायपुर के पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह ने बताया कि बंगाल के कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र से सांसद मोइत्रा पर शनिवार शाम भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 196 (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और धारा 197 (राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुँचाने वाले आरोप) के तहत मामला दर्ज किया गया।

**बांग्ला भाषा में विवादित बयान देने का आरोप :** जानकारी के मुताबिक, मीडिया से बातचीत करते हुए टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने बांग्ला भाषा में टिप्पणी की। महुआ मोइत्रा ने कथित तौर पर अमित शाह पर सीमा सुरक्षा से संबंधित जिम्मेदारियों से बचने का आरोप लगाया है। स्थानीय बीजेपी नेताओं के अनुसार, महुआ मोइत्रा ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में एक पार्टी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की।

**सोशल मीडिया पर चल रहा वीडियो :** सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में उन्हें कथित तौर पर यह कहते हुए सुना जा सकता है कि वे बार-बार घुसपैठियों की बात कर रहे हैं लेकिन देश की सीमा की सुरक्षा पांच सुरक्षा बल करते हैं और यह सीधे तौर पर गृह मंत्रालय की ज़िम्मेदारी है।

महुआ मोइत्रा ने कहा कि यदि हमारी सीमाओं की रक्षा करने वाला कोई नहीं है, यदि दूसरे देश के लोग प्रतिदिन प्रवेश कर रहे हैं, यदि हमारे नागरिक शिकायत करते हैं कि घुसपैठिए हमारी माताओं और बहनों पर नजर रख रहे हैं और हमारी जमीन छीन रहे हैं।

## गर्मजोशी से मिलाया सलमान खान ने यूथ आइकॉन नीरज सिंह से हाथ

### दिल्ली स्थित आवास पर हुई दोनों हस्तियों की मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। रविवार को दिल्ली में दो हस्तियों की मुलाकात हुई। दोनों ही युवाओं की पसंद हैं और दोनों ही बेहद मिलनसार हैं और अपने-अपने क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान रखते हैं।

रविवार को दिल्ली में फिल्म सुपरस्टार सलमान खान ने भाजपा नेता यूथ आइकॉन नीरज सिंह से मुलाकात की। इस मुलाकात में दोनों ही लोग एक-दूसरे से बेहद गर्मजोशी से मिले।

बताते हैं कि सलमान ने नीरज सिंह से ये मुलाकात उनके दिल्ली स्थित आवास पर की। दैनिक करंट क्राइम ने जब इस मुलाकात को लेकर नीरज सिंह से बात की तो उन्होंने इस मुलाकात की पुष्टि की और कहा कि सलमान खान एक सामान्यतौर पर आए थे।

इस दौरान उनसे कई मुद्दों पर बात हुई। नीरज सिंह ने इसे एक सामान्य मुलाकात बताया और कहा कि यह एक शिष्टाचार मुलाकात है और इसको फिल्म से लेकर राजनीतिक तक किसी मुद्दे पर नहीं जोड़ा सकता है। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच सामान्य विषयों पर बात हुई। दिल्ली में कैबिनेट रक्षा मंत्री के आवास पर सलमान खान पहुंचे थे और वो यहां थोड़ी देर रुकने के बाद रवाना हो गए।

## आज से बिना हेलमेट नहीं मिलेगा डीजल और पेट्रोल

### ट्रैफिक पुलिस, परिवहन विभाग और प्रशासन रखेगा पैनी नजर, 30 दिनों तक चलेगा यह अभियान






**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सड़क हादसों में कमी लाने और बिना हेलमेट पहन के दो पहिया वाहन चलाने वालों को सबक सिखाने के लिए पुलिस-प्रशासन-सरकार और कई विभागों ने बड़ा फैसला लिया है। अब पूरे उत्तर प्रदेश और पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में आज से 30 सितंबर तक नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान चलाया जाएगा। जिसके लिए प्रशासन के साथ ही पुलिस ,परिवहन और खाद्य विभाग की टीम कार्रवाई करने का काम करेगी। दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 1 सितंबर से 30 सितंबर तक हर जिले में नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान चलाया जा रहा है। इसका मकसद सड़क हादसों में कमी लाना और लोगों को नियमित रूप से हेलमेट पहनने की आदत डलवाना है।

### पंप डीलरों को निर्देश, कोई लड़ाई करे तो तत्काल करें 112 पर कॉल






करंट क्राइम : अक्सर देखा जाता है कि पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डीजल ना देने को लेकर दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट होने के चलते हंगामा, मारपीट और कहासुनी करते हैं। पुलिस के अधिकारियों द्वारा बीते दिनों पेट्रोल पंप मालिकों और संचालकों के साथ बैठक की गई थी, जिसमें निर्देश दिया गया था कि अगर कोई बिना हेलमेट पहने पेट्रोल और डीजल देगा ,तो उसपर कार्रवाई होगी। साथ ही अगर उनके साथ कोई व्यक्ति या ग्राहक धमकी, कहासुनी और मारपीट करता है तो उसकी तत्काल सूचना 112 पर दें, अपने संस्थान व परिसर में लगाए गए कैमरों को चालू करें ताकि अगर कोई गड़बड़ी करे, तो उसकी तस्वीरें रिकॉर्ड हो जाएं। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने कहा है कि इस अभियान को प्रमुखता के साथ तीनों जोन में चलाया जाएगा। साथ ही सिविल पुलिस का भी सहयोग लिया जाएगा।




### अलग-अलग पेट्रोल पंप पर रेंडम जांच करेंगे अधिकारी

करंट क्राइम : पुलिस विभाग और परिवहन विभाग के अधिकारियों से जानकारी मिली है कि बिना हेलमेट की दशा में परिवहन पुलिस द्वारा मोटरयान अधिनियम अंतर्गत चालान किए जाएंगे। साथ ही पुलिस के और अन्य अधिकारी रेंडम चेक करेंगे। किसी भी पेट्रोल पंप पर अगर बिना हेलमेट के ईंधन देने के मामले आए, तो उनपर भी एक्शन लिया जाएगा।

## एमएलसी चुनाव को लेकर भाजपा ने शुरू कर दी तैयारी

### वोट बनाने का काम शुरू और संयोजक की लिस्ट हो गई जारी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा की चुनावी रणनीति अन्य दलों की अपेक्षा इसलिये मजबूत होती है कि भाजपा शुरू से एक प्लान लेकर चलती है और जब तक अन्य राजनीतिक दल सियासी रूप से खुद को संगठित करते हैं तब तक भाजपा आधा काम कर चुकी होती है। पिछले एमएलसी चुनाव में भाजपा ने इस चुनाव के दिग्गजों को अपनी रणनीति से पटकनी दी थी और अपने नये उम्मीदवारों को रिकॉर्ड वोट से जिताकर लाए। एमएलसी चुनाव के पुराने खिलाड़ी अपनी पुरानी वोटर लिस्ट पर फोकस करते रहे और भाजपा ने उनकी वोटर लिस्ट को टच भी नहीं किया और किसी के वोट भी नहीं कटवाये, लेकिन यहां भाजपा ने हर मोहल्ले में कोरोना काल में ऑनलाइन अभियान चलवाकर अपने नए वोटों का ढेर लगा दिया और नए वोटों के इस ढेर से उसने एमएलसी चुनाव पुराने दिग्गजों को बड़ी आसानी से ढेर कर दिया।

वो जब तक भाजपा की रणनीति को समझते तब तक भाजपा अपने नए वोट बैंक के साथ मैदान में आ गई और एमएलसी दिनेश गोयल, एमएलसी श्रीचंद शर्मा रिकॉर्ड वोटों से चुनाव जीते। अब जब सभी दल विधानसभा की सोच रहे हैं तब भाजपा ने एमएलसी चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। सूत्र बताते हैं कि भाजपा की एक वर्चुअल मीटिंग हुई और इस मीटिंग में जहां वोट बनाने का काम शुरू करने के निर्देश दिये गये वहीं स्नातक सीट के एमएलसी चुनाव के लिये संयोजकों की लिस्ट जारी हो गई है।

सूत्र बताते हैं कि भाजपा के विधानसभा परिषद सदस्यों को भी यह कहा गया है कि वो केवल वोट बनवाने का काम शुरू करें, वोटर लिस्ट को अपडेट करें और नए सदस्यों को इस लिस्ट में जोड़े। भाजपा के विधान परिषद सदस्यों को यह भी कहा गया है कि वो अभी से खुद को उम्मीदवार ना मानें और एक कार्यकर्ता के रूप में वोट बनवाने के काम में जुट जाएं। भाजपा के एमएलसी चुनाव को लेकर निर्देश जारी हो गए हैं। सूत्र बताते हैं कि तैयारी के आदेश मिले हैं और जिम्मेदारी के साथ काम करने को कहा गया है और स्पष्ट कर दिया गया है कि अभी कोई अपने को उम्मीदवारी के सीन में लेकर ना चले।

### गाजियाबाद में जिला और महानगर के संयोजक घोषित

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बताया जाता है कि स्नातक सीट के लिये चुनावी अभियान शुरू हुआ है और स्नातक क्षेत्र की एमएलसी सीट के लिये हरीश ठाकुर को संयोजक बनाया गया है। वहीं प्रदीप सैनी को सह संयोजक बनाया गय है। जिले की बात करें तो गाजियाबाद में राम त्यागी को जिला संयोजक बनाया गया है। इसके अलाव संदीप चौधरी को सह संयोजक बनाया गया है। एमएलसी चुनाव में भाजपा ने विधानसभा सीट क्षेत्र में भी संयोजक घोषित किये हैं। सूत्रों की मानें तो शहर विधानसभा सीट के लिये ललित कश्यप को संयोजक बनाया गया है। मुरादनगर सीट पर नितिन गोयल को संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र के लिये नवनीत मित्तल को संयोजक बनाया गया है। बताया जाता है कि अभी ये लोग संयोजक पद पर काम करेंगे। इनकी सहायता के लिये सहसंयोजक भी बनाए जाने हैं। सह संयोजक वाली लिस्ट भी जल्द ही जारी हो जाएगी।

## देहात में मजबूत दिख रहे हैं पुलिस के हाथ

### जितनी दी बदमाशों ने चुनौती, उतनी दी पुलिस ने मात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सिटी से लेकर नदिया पार तक पुलिस बदमाशों को गोली से जवाब दे रही है। तो बीते 24 घंटे के दौरान एक के बाद एक कई मुठभेड़ कमिश्नरेट वाले सिस्टम में हुई हैं। तो वहीं सूत्र बता रहे हैं कि अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत वर्ष 2025 में अब तक 1 जनवरी 2025 से 31 अगस्त तक कुल 243 दिनों में कमिश्नरेट पुलिस द्वारा 124 पुलिस मुठभेड़ हुई है। जिसमें कुल 211 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें 152 अपराधियों की पुलिस के साथ सीधी मुठभेड़ भी हुई है। इस दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लूट, हत्या, हत्या के प्रयास, स्नैचिंग, चोरी और संगीन अपराधों के आरोपियों के खिलाफ नियमित रूप से अभियान चलाए जा रहे हैं। तो कई तरीके के ऐसे अभियान भी शुरू किए गए हैं, जिससे आमजन में जागरूकता और अपराध नियंत्रण की रफ्तार में मदद मिल सके।

### कमिश्नरेट में 243 दिनों में हुई 124 मुठभेड़ और 152 अपराधी हुए घायल



### बदमाशों के एक्शन के मामले में ग्रामीण जोन है टॉप पर



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीते 243 दिनों के दौरान ट्रांस हिंडन जोन, सिटी और ग्रामीण जोन पुलिस मुठभेड़ के मामले और अपराधियों पर एक्शन और गिरफ्तारी के मामले में टॉप पर चल रही है। गाजियाबाद के तीनों जोन में जहां कुल मिलाकर 124 मुठभेड़ हुई है। तो टॉप पर ग्रामीण जोन में 54, ट्रांस हिंडन में 41 और नगर जोन में 29 मुठभेड़ हुई हैं। तो वहीं 152 अपराधियों को मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। जिसमें ग्रामीण जोन के अंतर्गत 73, ट्रांस हिंडन में 47 और सिटी जोन में यह संख्या 32 दर्ज की गई है। इसके साथ ही अगर गिरफ्तारी की बात की जाए, तो तीनों जोन में 211 अपराधी गिरफ्तार किए गए हैं। जिसमें 102 केवल ग्रामीण जोन, 66 ट्रांस हिंडन और 43 सिटी जोन के अंतर्गत गिरफ्तारियां हुई हैं।

### स्वॉट टीम क्राइम ब्रांच और साइबर थाना पुलिस भी हुई है एक्टिव



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अंतर्गत आने वाले तीनों जोन में स्वॉट टीम क्राइम ब्रांच द्वारा बदमाशों को सबक सिखाने का अभियान चल रहा है। तो साइबर सेल थाना गाजियाबाद भी लगातार एक्टिव मोड में है। बीते कुछ दिनों में ही कई तरीके के अभियान और पीड़ितों की रकम वापसी करने से लेकर ऑनलाइन ठगी के शिकार पीड़ितो को मदद का अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के नेतृत्व में लगातार पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन प्रभावी कार्रवाई कर रहे हैं।

### जनसुनवाई से लेकर फील्ड पर एक्टिव हैं पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जे रविंदर गौड लगातार जनसुनवाई से लेकर बीट पुलिसिंग और पुलिस की दशा और दिशा सुधारने के लिए अभियान चला रहे हैं। तो वहीं वह लगातार एक्टिव मोड में भी नजर आते हैं। थानों के निरीक्षण से लेकर बड़ी घटनाओं के बाद मौके पर पहुंचना, उनकी वर्किंग का हिस्सा बन चुका है। साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में मुकदमा दर्ज होने के बाद मुकदमे की कॉपी घर पहुंचना, बीट पुलिसिंग और थानों में पुलिस कर्मियों के व्यवहार और भाषा में बदलाव भी उन्हीं की सोच के वजह से संभव होता नजर आ रहा है।

## उपराष्ट्रपति चुनावः आठ सितंबर को रात्रिभोज देंगे पीएम मोदी, एनडीए के सभी सांसद रहेंगे मौजूद

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले 8 सितंबर को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सांसदों के लिए रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। एनडीए के एक वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन गठबंधन की एकता को मजबूत करने में हमेशा उपयोगी साबित होता है। उन्होंने कहा, यद्यपि हमारे उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को एनडीए के सभी सहयोगियों का पूर्ण समर्थन हासिल है, यह रात्रिभोज मतदान के दौरान सांसदों के बीच समन्वय और एकता सुनिश्चित करने में मदद करेगा। उपराष्ट्रपति का चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के माध्यम से एकल संक्रमणीय मत के माध्यम से होगा। निर्वाचित घोषित होने के लिए किसी भी उम्मीदवार को डाले गए वैध मतों के 50 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त होने चाहिए।



दैनिक करंट क्राइम






# पहाड़ों से मैदान तक बाढ़-बारिश का कहर

## उफ्फ ये बारिश...







**जम्मू-कश्मीर से हिमाचल तक कुदरत ने मचाया कहर**





## देश के हर कोने में तबाही का मंजर

### उत्तराखंड में भारी बारिश का तांडव, बाढ़ में बहा पुल

### हिमाचल में अगले 16-18 घंटे में भारी बारिश का अलर्ट

### आज जम्मू में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण सभी सरकारी और निजी स्कूल रहेंगे बंद

**नई दिल्ली।** बाढ़ बारिश से देश के हर कोने में तबाही का मंजर है। उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र।।। हर तरफ सैलाब है। बादल फटने, भूस्खलन और नदियों में उफान के कारण आई आपदा से कई लोगों की मौत हो गई है, कई लोग लापता हैं और हजारों लोग विस्थापन को मजबूर हो गए हैं। सेना, एनडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव कार्यों में जुटे हैं, लेकिन प्रकृति का रौद्र रूप थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिससे तरफ त्राहिमाम-त्राहिमाम मचा हुआ है।

सबसे पहले बात पंजाब की राज्य में भारी बारिश और हिमाचल व जम्मू-कश्मीर से आए पानी के कारण सतलुज, ब्यास और रावी नदियों में उफान आ गया है। पठानकोट, गुरदासपुर, फाजिल्का, कपूरथला, तरनतारन, फिरोजपुर, होशियारपुर और अमृतसर जैसे जिले सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। गुरदासपुर की स्थिति सबसे गंभीर है। एनडीआरएफ, सेना, बीएसएफ और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से अब तक 11,330 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। हिमाचल प्रदेश में बादल फटने और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है। चंबा, कुल्लू, शिमला और भरमौर जैसे इलाकों में सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं, और यात्री फंसे हुए हैं। चंबा के तिस्सा सड़क मार्ग पर विशाल चट्टानें गिरने से यातायात ठप है। शिमला के बसंतपुर में भूस्खलन ने सड़कों को मलबे से भर दिया है, जबकि कुल्लू के बागन गांव में 35 घरों की नींव हिल गई है और 10 मकान पूरी तरह ढह गए हैं। मणिमहेश के रास्ते में उफनते नाले ने लोगों को रस्सियों के सहारे पार करने को मजबूर कर दिया है। सेब की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है, जिससे किसानों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है।

### उत्तराखंड में मूसलाधार बारिश का खतरा, देहरादून मौसम विभाग ने चार जिलों के लिए जारी किया रेड अलर्ट





उत्तराखंड में मानसून ने कहर बरपाया है। उत्तराखंड में मूसलाधार बारिश का खतरा, देहरादून मौसम विभाग ने चार जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और टिहरी जिलों में बादल फटने से कई लोग लापता हैं और कई की मौत हो चुकी है।65 से अधिक घर भूस्खलन की चपेट में हैं। पिथौरागढ़ के धारचूला में भूस्खलन ने दारमा घाटी की सड़क को अवरुद्ध कर दिया। चमोली में जोशीमठ-मलारी राष्ट्रीय राजमार्ग 48 घंटों से बंद है और स्थानीय लोग बीमार लोगों को पीठ पर लादकर टूटी सड़कों से पार करा रहे हैं। श्रीनगर और धारी देवी क्षेत्र में अलकनंदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। नंदा नगर घाट में जमीन फटने से खेतों और मकानों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई हैं और 26 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। वहीं, बाढ़ की मार जानवरों पर भी बराबर पड़ रही है। रामनगर में एक तेंदुए का नहर में बहते हुए वीडियो तेजी के साथ वायरल हो रहा है।



### जम्मू-कश्मीर में भूस्खलन से भारी तबाही

जम्मू-कश्मीर में भी स्थिति भयावह है। रामबन के पास ठल-44 पर भारी भूस्खलन ने बिछलारी नदी का प्रवाह रोक दिया, जिससे आसपास के गांवों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। उधमपुर में अचानक आई बाढ़ ने जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग को बंद कर दिया। गुरेज और रियासी में बादल फटने से मलबे का अंबार लग गया और कई पुल क्षतिग्रस्त हो गए। सेना की टाइगर डिवीजन ने तवी पुल को मात्र 12 घंटे में 110 फीट लंबे बेली ब्रिज के निर्माण से बहाल किया, जिससे यातायात फिर से शुरू हो सका। अब तक 30 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।





### दिल्ली में यमुना का रौद्र रूप

पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश का असर अब मैदानी इलाकों में भी दिखने लगा है। दिल्ली में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। ओखला बैराज के गेट खोल दिए गए हैं, जिसके बाद कालिंदी कुंज घाट पर यमुना का तेज बहाव नजर आ रहा है।

### सौताड़ा में झारने का रौद्र रूप

महाराष्ट्र बीड का मिनी महाबलेश्वर के नाम से मशहूर सौताड़ा में विंचरणा नदी पर स्थित झरना इस वक्त पूरे उफान पर है। पिछले पंद्रह दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण रामेश्वर की गहरी घाटी में गिरने वाले इस झरने ने रौद्र रूप धारण कर लिया है।

## आसमानी कहर












## बाढ़-बारिश से भारी नुकसान, हर पीड़ित का दर्द हमारा दर्द... मन की बात में बोले पीएम नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को सुबह 11 बजे अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 125वें एपिसोड में राष्ट्र को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा इस मानसून के मौसम में, प्राकृतिक आपदाएं देश की परीक्षा ले रही हैं। पिछले कुछ हफ़्तों में हमने बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही देखी है। घर तबाह हो गए, खेत जलमग्न हो गए। पानी के लगातार बढ़ते दबाव ने पुल-सड़कें बहा दीं और लोगों की जान खतरे में पड़ गई। इन घटनाओं ने हर भारतीय को दुखी किया है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनका दर्द हम सबका दर्द है।



प्रधानमंत्री मोदी ने आपदा के समय राहत और बचाव कार्यों में जुटे सेना, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ समेत तमाम बचाव दलों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जहां भी संकट आया, वहां के लोगों को बचाने के लिए हमारे एनडीआरएफ-एसडीआरएफ के जवान और अन्य सुरक्षा बल हर कोई दिन-रात जुटे रहे। जवानों ने तकनीक का सहारा भी लिया है। थर्मल कैमरे, लाइव डिटेक्टर, और स्निफर डॉग्स की मदद के साथ ड्रोन से निगरानी की गई। ऐसे अनेक आधुनिक संसाधनों के सहारे राहत कार्य में तेजी लाने की भरपूर कोशिश की गई। हेलीकॉप्टर से राहत सामग्री पहुंचाई गई, और घायलों को एयरलिफ्ट किया गया।

**सेना मददगार बनकर सामने आई :** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आगे कहा, आपदा की घड़ी में सेना मददगार बनकर सामने आई। स्थानीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता, डॉक्टर, और प्रशासन, संकट की इस घड़ी में सभी ने हर संभव प्रयास किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने हर उस नागरिक का हृदय से धन्यवाद किया, जिन्होंने आपदा के समय मानवीयता को सबसे ऊपर रखा।

## दिल्ली से इंदौर जा रही फ्लाइट के इंजन में लगी आग! यू-टर्न लेकर दिल्ली लौटी फ्लाइट

**नई दिल्ली:** दिल्ली से इंदौर जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-2913 के उड़ान भरने के कुछ वक्त बाद इंजन में आग लगने के अलर्ट से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में विमान को तुंरत वापस दिल्ली में लैंड कराया गया। विमान में 90 यात्री सवार थे, हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। विमान को चेकिंग के लिए इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोक दिया गया है। जबकि यात्रियों को दूसरे विमान से रवाना कर दिया गया है।



दिल्ली से इंदौर जा रहा एयर इंडिया का विमान खराबी के चलते रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में वापस लौट गया। इसकी वजह पायलट को उड़ान भरने के बाद बीच हवा में विमान के इंजन से फायर अलर्ट मिलना था। जानकारी के मुताबिक, फ्लाइट नंबर एआई2913 के रूप में संचालित ए320 नियो विमान सुबह लगभग 6:15 बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतरा। विमान में 90 से अधिक यात्री सवार थे।

एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि कॉकपिट क्रू ने उड़ान भरने के तुरंत बाद दाहिने इंजन में आग लगने का संकेत देखा। मानक सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करते हुए, चालक दल ने प्रभावित इंजन को बंद कर दिया और विमान को वापस दिल्ली ले गया।

एयरलाइन ने पुष्टि की कि सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने कहा, 31 अगस्त को दिल्ली से इंदौर के लिए उड़ान भरने वाली एआई2913, उड़ान भरने के तुरंत बाद दिल्ली लौट आई, क्योंकि कॉकपिट क्रू को दाहिने इंजन में आग लगने का संकेत मिला।


दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। सोमवार 01 सितंबर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# देर शाम तक कोर कमेटी में मंथन के बाद भाजपा ने घोषित किये नाम

## विनील दत्त, प्रमोश यादव, गौरव सोलंकी और देवनारायण शर्मा लड़ेंगे चुनाव









**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव आज होना है। कविनगर के रामलीला मैदान पर बने जानकी हॉल में नगर निगम कार्यकारिणी के सदस्यों का चुनाव होना है। नामों को लेकर पहले से ही घमासान है और रविवार को भाजपा की कोर कमेटी की बैठक शुरू हुई। इस बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया पहुंचे, मेयर सुनीता दयाल मौजूद थीं और महानगर अध्यक्ष मयंकगोयल मौजूद थे।

कोर कमेटी में अन्य सदस्य भी पहुंचे और इसके बाद बंद कमरे में ये बैठक शुरू हुई। सूत्र बताते हैं कि अपने-अपने नामों को लेकर अंदर घमासान चल रहा था और बाहर सभी के कान अंदर की आवाजों पर लगे थे। सभी ये जानना चाहते थे कि आखिर किसके नाम पर किसकी मुहर लगी है। देर शाम तक ये चिंतन मंथन चलता रहा और बताया जाता है कि यहां जनप्रतिनिधि अपनी-अपनी पसंद के नामों पर मुहर लगवाने में सफल रहे हैं। देर शाम तक मंथन के बाद भाजपा ने निगम पार्षद विनील दत्त, पार्षद श्रीमती प्रमोश यादव, पार्षद गौरव सोलंकी और पार्षद देवनारायण शर्मा के नाम उम्मीदवार के रूप में घोषित कर दिये।

### आज ग्यारह बजे से शुरू हो जाएगा चुनाव

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव की प्रक्रिया आज सुबह ग्यारह बजे से शुरू होगी। कविनगर रामलीला मैदान में इसके लिये इंतजाम किये गये हैं। साढ़े ग्यारह बजे से नामांकन पत्र प्राप्त किये जा सकते है। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच होगी और नामांकन पत्रों को वापस लेने का समय तय है। तीन बजे तक यह पूरी प्रक्रिया फाइनल हो जाएगी। अगर चुनाव हुआ तो इसके लिये मतदान होगा। जिसकी तैयारियां कर ली गई हैं।

### इलेक्शन में दिखेगा हैल्थ और आउट ऑफ स्टेशन का ट्विस्ट

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव इस बार बेहद रोचक हो गया है। क्रॉस वोटिंग की चर्चा पहले दिन से सुनाई दे रही है। सूत्र बताते हैं कि आज होने वाले चुनाव में कई भाजपा पार्षद ही डिस्टेंस बना सकते हैं। नामों को लेकर सस्पेंस है, लेकिन इनमें एक महिला पार्षद का नाम बताया जाता है। वहीं सूत्र बताते हैं कि डिस्टेंस भी होगा और यहां डिफेंस भी होगा। माना जा रहा है कि कई पार्षदों की आज हैल्थ बिगड़ सकती है और कई पार्षद आउट ऑफ स्टेशन रहेंगे। कुछ पार्षदों का मोबाइल फोन भी आउट ऑफ रीच हो सकता है।

### मिनट्स का मुद्दा छाएगा पहले ही राउंड में

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम की कार्यकारिणी का चुनाव इतना आसान नहीं होगा। संभावना है कि यहां घमासान होगा। सूत्र बताते हैं कि जिस मिनट्स बुक की डिमांड को लेकर पार्षद धरने पर बैठे थे उस मिनट्स बुक की डिमांड का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आएगा। नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव से पहले पार्षद मिनट्स की मांग करेंगे और ये मुद्दा हावी रहेगा।

### विनील दत्त पर लगी है सांसद और विधायक की मुहर



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बताते हैं कि भाजपा पार्षद विनील दत्त कार्यकारिणी उम्मीदवार होंगे। शहर विधायक संजीव शर्मा उनका पहले ही नाम ले चुके हैं और रविवार को जब कोर बैठक हुई तो यहां लोकसभा सांसद अतुल गर्ग और शहर विधायक संजीव शर्मा ने विनील दत्त के नाम पर ओके रिपोर्ट लगा दी। इसके बाद देर शाम विनील दत्त का नाम उम्मीदवार के रूप में घोषित हुआ।

### गौरव सोलंकी के नाम पर भी बन गई सहमति



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। निगम पार्षद गौरव सोलंकी टैक्स विरोध आंदोलन के प्रमुख चेहरे रहे हैं, उन्होंने मोर्चा खोला है। गौरव सोलंकी के मामले में मोड़ ही कैबिनेट वालों की अशोक नगर वाले आवास पर मुलाकात के बाद आया है। सूत्र बताते हैं कि इस नाम को लेकर संगठन और जनप्रतिनिधि के बीच घामसान हुआ है। ये नाम जहां कैबिनेट वालों की पसंद हैं तो वहीं संगठन ने भी इस नाम पर सहमति जताई है। सूत्र बताते हैं कि कोर बैठक में संगठन और जनप्रतिनिधि के बीच इस नाम को लेकर घमासान हुआ था और यहां फिर इस नाम के एवज में विरेंद्र त्यागी का नाम आने की चर्चा थी। देर शाम गौरव सोलंकी के नाम पर सहमति की मुहर लग गई। वह कार्यकारिणी चुनाव लड़ेंगे।

### जब कोर ने कहा- मिनट्स मांगना कोई गुनाह नहीं

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इस बैठक से पहले वो लेटर वायरल हो गया जिसमें मेयर ने महानगर अध्यक्ष को पत्र लिखकर तीन पार्षद और एक पूर्व पार्षद के खिलाफ एक्शन लेने की बात कही थी। बताया जाता है कि मेयर ने कोर बैठक में कहा कि इन पार्षदों की अनुशासनहीनता शिकायत की गई है और इन पार्षदों को चुनाव में नहीं उतारना चाहिए। सूत्र बताते हैं कि यहां पर कोर कमेटी के सुर पार्षदों के पक्ष में रहे और ये कहा गया है कि निगम पार्षद द्वारा नगर निगम की बैठक के मिनट्स मांगना कोई अनुशासनहीनता नहीं है।

### सपा पार्षद करेंगे आज कांग्रेस पार्षदों को वोट

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सपा और कांग्रेस की चुनावी दोस्ती निगम कार्यकारिणी चुनाव में भी दिखाई देगी। यहां पर कांग्रेस से प्रवीण कुमार मुलायम का नाम फाइनल माना जा रहा है और यहां पर दूसरा नाम कांग्रेस पार्षद अजय शर्मा का भी आ गया है। वहीं रुखसाना सैफी भी कार्यकारिणी चुनाव में आ सकती हैं और शशि गौतम भी निगम कार्यकारिणी चुनाव में लड़ सकते हैं। ऐसे में ये प्रबल संभावना है कि समाजवादी पार्टी के पार्षद कांग्रेस पार्षदों को वोट देंगे। यहां कांग्रेस को अन्य वोटों का इंतजाम करना है।

# सीएम योगी ने अधिकारियों की बुलाई मीटिंग, जन शिकायतों में लापरवाही पर दी चेतावनी



**लखनऊ।** लखनऊ में रविवार देर रात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों, और पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश की कानून-व्यवस्था, जन शिकायतों, आगामी त्योहारों, बाढ़ स्थिति, डेंगू नियंत्रण, और स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जन शिकायतों और समस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि और उनका फीडबैक ही अधिकारियों के प्रदर्शन का वास्तविक पैमाना है।

**महिलाओं की सुरक्षा और मिशन शक्ति :** मुख्यमंत्री ने महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी जिलों में एंटी रोमियो स्क्वॉड को और सक्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने घोषणा की कि शारदीय नवरात्र में मिशन शक्ति का नया चरण शुरू होगा। जिसके लिए सभी जिलों को अभी से व्यापक तैयारियां करने को कहा गया।

आगामी बरावफात, अनंत चतुर्दशी, और विश्वकर्मा पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों को प्रभावी बनाने और जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन लेने पर जोर दिया। बरसात और डेंगू के प्रकोप से निपटने के लिए नगर निकायों को जलभराव निकासी और सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। मुख्यमंत्री ने नकली और अधोमानक दवाओं की बिक्री पर शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाने और सतत निगरानी के निर्देश दिए। साथ ही, खरीफ सीजन में खाद की कमी को रोकने और कालाबाजारी या जमाखोरी करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने का आदेश दिया।

# अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है नवयुग मार्केट स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निगम द्वारा संचालित नवयुग मार्केट स्थित बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय अपनी बदहाली की आंसू बहा रहा है। इस पुस्तकालय में की हालत यह है कि बाबा साहब की तस्वीर तक गायब हो गई है।

लाइब्रेरी में ना तो किताबें है और नहीं पठन-पाठन की कोई सुविधा। कमरें भी बेहद खराब स्थिति में पहुंच गई है। जगह-जगह सीलन और पानी का रिसाव हो रहा है। बाबा साहेब के नाम पर स्थापित यह लाइब्रेरी पहले बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की ओर से संचालित किया जाता था। कुछ वर्ष पहले नगर निगम ने इसका संचालन अपने हाथों में ले लिया। यहां बाबा साहब से जुड़ी किताबें और रिसर्च पेपर्स थे, लेकिन जब से नगर निगम ने इसे अपने हाथ में लिया है तब से इस लाइब्रेरी की हालत बद से बदतर होती जा रही है। लोगों का कहना है कि यहां ना तो बैठने की कोई व्यवस्था है और ना ही पढ़ने की। सिर्फ नाम की ही लाइब्रेरी रह गई है। यहां ना तो पढ़ने के लिए बेंच है और ना ही बैठने के लिए कुर्सियां। नगर निगम सूत्र के अनुसार नगर निगम की ओर से इस लाइब्रेरी के पुनरुद्धार के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। जल्द ही इस पर काम किया जाएगा। नगर निगम की इस लाइब्रेरी में पहले तैनात रहे संगीत कुमार ने बताया कि उन्होंने यहां अलमारियां रखवाई थी। उस समय बाबा साहब से जुड़ी कई किताबें हुआ करती थी लेकिन उसके बाद उनका स्थानांतरण कंपनी बाग स्थित लाइब्रेरी में हो गया। उसके बाद वहां की क्या स्थिति है इसके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। वही नगर निगम सूत्रों का कहना है कि आसपास रहने वाले लोग ही आकर बाबा साहेब की तस्वीर ले गए होंगे। बाबा साहेब की तस्वीर लगी थी लेकिन अब वहां कोई तस्वीर नहीं लगी है। दीवारों के प्लास्टर झड़ रहे हैं। लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान लाइब्रेरी की छत से पानी टपकता है। बाबा साहेब के प्रति नगर निगम की क्या श्रद्धा भाव है, यह इस लाइब्रेरी को देखकर पता चलता है। बसपा नेता पंकज शर्मा ने कहा कि जल्द अगर इस लाइब्रेरी का पुनरुद्धार नहीं किया गया तो बसपा नगर निगम पर धरना प्रदर्शन करेगी। बाबा साहब से जुड़ी यह लाइब्रेरी को खराब होते हुए कोई नहीं देखना चाहता है।

यहां बाबा साहब से जुड़ी किताबें और रिसर्च पेपर से छात्र छात्राओं को बहुत लाभ मिल सकता है लेकिन नगर निगम ने इस दिशा में कोई पहल नहीं की है। उन्होंने कहा कि नगर निगम अगर इस पुस्तकालय का संचालन नहीं कर पा रहा है तो इसे फिर से डॉक्टर अंबेडकर जन्मोत्सव समिति को इसका संचालन दिया जाना चाहिए। जन्मोत्सव समिति की ओर से इसका बेहतर संचालन किया जा रहा था लेकिन जब से नगर निगम ने इसका संचालन अपने हाथ में लिया है इसकी देखभाल नहीं हो रही है। लाइब्रेरी के बोर्ड पर लगी बाबा साहेब की तस्वीर को भी खुराज कर नुकसान पहुंचाया गया है।

# कवि नगर पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ तीन शातिर अपराधी किए गए गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना कवि नगर पुलिस ने मुठभेड़ की कार्रवाई में तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ के दौरान



पुलिस ने उनके कब्जे से दो तंमचे, पिस्टल, तीन जिन्दा कारतूस, दो खोखे के कारतूस, एक चोरी की कार और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा के अनुसार, यह कार्रवाई दिनांक 25 अगस्त को हुई एक घर में चोरी और मारपीट की घटना से जुड़ी है। पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी कि कुछ अज्ञात हमलावर उसके घर में घुसकर संपत्ति पर हाथ साफ करने की कोशिश कर रहे थे। इंटेलीजेंस और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने अपराधियों का पता लगाया और 31 अगस्त को घेराबंदी की। मुठभेड़ में गड्डूसैफी, हेम सिंह और मोनू शर्मा घायल होकर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी पहले भी इसी तरह की वारदात को अंजाम देने की योजना बना चुके थे, यह पुलिस की सतर्कता के कारण पकड़े गए। पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।





# गाड़ियों की चोरी का शतक मारने वाले चोर को पुलिस ने किया क्लीन बोल्ड

## चुराकर मारुति की गाड़ियां करता था बाजार में सोल्ड



**100 से ज्यादा वाहन चुराने वाले फारूक सलमानी की कहानी है दिलचस्प**

**कभी गाजियाबाद में करता था शराब तस्करी और अब बन गया है वाहन चोरी सरगना**

**स्वॉट टीम क्राइम ब्रांच और थाना लिंक रोड पुलिस ने मुठभेड़ के बाद साथी सहित दबोचा**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत क्राइम को कंट्रोल करने वाली स्वॉट टीम क्राइम ब्रांच और थाना लिंक रोड पुलिस ने दो ऐसे शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है, जिनकी कहानी बेहद दिलचस्प है। पकड़ा गया फारूख सलमानी कभी बड़ा शराब तस्कर था जो बीते कई सालों से वान चोरी व चोरी के वाहनों को बेचने का सरगना बन गया है। इस मामले में क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम ने मुख्य आरोपी फारूक सलमानी और उसके साथी शहनवाज उर्फ गोलू को पैर में गोली मार कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इससे चोरी की ब्रेजा और स्विफ्ट गाड़ी फर्जी नंबर प्लेट के साथ बरामद की है। वहीं पुलिस के सूत्रों ने जानकारी दी है कि फारूख सलमानी पर गाजियाबाद कमिश्नरेट सिस्टम से पहले 10 थानों में शराब तस्करी और चोरी में अन्य मुकदमे दर्ज हैं। शराब चोरी में इसको अधिक फायदा नहीं होता था, इसके बाद इसने वाहन चोरी और इसकी तस्करी का धंधा शुरू कर दिया था। पुलिस ने बताया है कि वर्तमान में सलमानी और उसका गिरोह 100 से ज्यादा मारुति कंपनी की गाड़ियां चोरी कर चुका है और इसे अलग-अलग राज्यों में बेंचने का काम किया करता था। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया है कि पुलिस इनके अन्य नेटवर्क भी खंगाल रही है।

### स्वॉट टीम क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ा है बड़ा गैंग










करंट क्राइम : गाजियाबाद वाले पुलिस सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि स्वॉट टीम क्राइम ब्रांच और लिंक रोड पुलिस की जो मुठभेड़ हुई है, इसमें यह इंटर स्टेट गिरोह के सदस्य और सरगना पकड़ा गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी फारूक सलमानी और शाहरुख उर्फ गोलू दोनों बड़े चोर हैं और लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास भी है। फारुख सलमानी पर दिल्ली, उत्तराखंड, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, मुजफ्फरनगर और गाजियाबाद में मिलाकर 19 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि साथी शहनवाज उर्फ गोलू पर 13 मुकदमे हैं। दोनों पहले भी कई बार जेल जा चुके हैं और पुलिस इनके अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है।

### 8 महीने में चोरी की हैं 55 गाड़ियां



**फारूक सलमानी और शाहरुख उर्फ गोलू के अन्य साथियों की पुलिस तलाश कर रही है।**
**-अनिल राजपूत**

करंट क्राइम : स्वॉट टीम क्राइम ब्रांच के प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया है कि फारूक सलमानी और शाहरुख उर्फ गोलू के अन्य साथियों की पुलिस तलाश कर रही है। साथ ही इनसे अन्य वाहन बरामद करने के प्रयास किया जा रहे हैं। बताया जा रहा है की गैंग इस साल अब तक 55 से अधिक मारुति कंपनी की अलग-अलग गाड़ियां चोरी कर चुका है। यह इन गाड़ियों को दिल्ली-एनसीआर के साथ ही पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, झारखंड, बिहार और गुजरात जैसे राज्यों में बेंचते थे और पकड़े जाने से बचने के लिए फर्जी नंबर प्लेट का इस्तेमाल किया करते थे। पुलिस ने खुलासा किया है कि अप्रैल माह में लिंक रोड से उनके द्वारा ब्रेजा कर चोरी की गई थी।

### फारूक सलमानी पर कवि नगर से लेकर मोदीनगर तक हैं शराब तस्करी और बेचने के मुकदमे



करंट क्राइम : फारुख सलमानी पर वाहन चोरी के मुकदमों के साथ ही बड़ी संख्या में शराब तस्करी और चोरी छुपे बेचने के मुकदमे दर्ज हैं। साल 2020 में कवि नगर थाने में तो निवाड़ी, मुरादनगर, मोदीनगर, इंदिरापुरम में 10 के आसपास मुकदमे शराब तस्करी और चोरी छुपे बेचने के भी दर्ज बताए जा रहे हैं। पुलिस आने वाले दिनों पर इसपर बड़ा एक्शन लेने की प्लानिंग कर रही है।

## संपादकीय

# जापान-चीन के साथ भारत की नई कूटनीति

नई भू-राजनीतिक परिस्थितियों में उथल-पुथल के बीच अमेरिका जैसा देश जहां अपने हित में अन्य देशों पर मनमाने फैसले थोपने की कोशिश में है, तो स्वाभाविक ही भारत के सामने भी अपना हित कायम रखने की चुनौती खड़ी हुई है। यही वजह है कि पिछले कुछ समय से अलग-अलग देशों पर शुल्क लगा कर व्यापार नीति को प्रभावित करने की अमेरिकी कोशिश के समांतर भारत ने अपने लिए वैकल्पिक रास्ते तैयार करना शुरू कर दिया है। इस क्रम में रूस और चीन से नए सिरे से संवाद कायम करने और विवादित मसलों को सुलझा कर संबंधों के नए आयाम पर विचार करने के लिए भारत ने कूटनीति के मोर्चे पर जो रुख अपनाया है, उसे इसी संदर्भ में देखा जा सकता है। पिछले दिनों भारत ने रूस सहित अन्य कुछ देशों में कूटनीतिक पहल के जरिए यह संदेश दिया है कि अमेरिका से संवाद के रास्ते भले ही खुले हैं, लेकिन उसके रवैये का सामना करने के लिए भारत तैयार है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान और चीन की यात्रा को भी दरअसल नए विकल्प खोजने की कोशिश की एक कड़ी के तौर पर देखा जा सकता है। अपनी जापान यात्रा के बाद प्रधानमंत्री मोदी चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे। दरअसल, अमेरिका की ओर से शुल्क से संबंधित नई नीति थोपने और इस संबंध में भारत के तर्कों को खारिज करने के बाद अब स्थिति यही है कि भारत इसका सामना करने के लिए नए विकल्प तैयार करे। इस लिहाज से देखें तो जापान और चीन भी उन देशों की सूची में हैं, जिन पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क कूटनीति की मार पड़ी है। इसके अलावा भी जो देश ट्रंप के इस रवैये के दायरे में आए हैं, उनके लिए यह समझना मुश्किल है कि अमेरिका के इस राह को अपनाने के क्या कारण हैं और इसके जरिए वह क्या हासिल करना चाहता है।

अमेरिकी शुल्क नीति के लागू होने के बाद चीन और जापान ऐसे देश हैं, जिनका व्यापार भी भारत की तरह ही प्रभावित हो सकता है। मगर यह स्थिति तभी ज्यादा बिगड़ती है, जब निर्यात के लिए मुख्य रूप से किसी एक देश पर निर्भरता हो। यही वजह है कि पच्चीस से लेकर पचास फीसद तक शुल्क थोपे जाने के बाद इससे प्रभावित होने वाले सभी देशों के सामने नई स्थिति से निपटने के लिए नए उपायों पर विचार जरूरी हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी की जापान और चीन यात्रा को इसी कूटनीति को साधने की कोशिश के तौर पर देखा जा सकता है। निश्चित रूप से पिछले कुछ वर्षों से चीन के साथ भारत के जैसे संबंध रहे हैं, उसमें हर स्तर पर सतर्कता बरतने की जरूरत होगी। यह छिपा नहीं है कि सीमा पर तनाव से लेकर गलवान में टकराव तक और फिर अरुणाचल प्रदेश में नाहक विवाद खड़ा करके चीन भी सैन्य मोर्चे पर अपनी मनमानी चलाना चाहता है। मगर अब अमेरिकी शुल्क नीति की जद में आने के बाद उसके लिए भी आर्थिक मोर्चे पर नए हालात से निपटना एक चुनौती है। वहीं, जापान को अमेरिका के करीब माना जाता रहा है, लेकिन उसकी नई नीति की चपेट में वह खुद भी है।

# पावरग्रिड को मानव संसाधन प्रबंधन के लिए स्कोप एमिनेंस अवॉर्ड
## राष्ट्रपति ने किया सम्मानित



**नई दिल्ली।** भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत एक महारत्न सार्वजनिक उपक्रम, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) को सम्मानित किया गया। गत 29 अगस्त को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से मानव संसाधन प्रबंधन के लिए पावरग्रिड को स्कोप एमिनेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार पावरग्रिड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रवींद्र कुमार त्यागी और निदेशक (कार्मिक) डॉ. यतींद्र द्विवेदी ने ग्रहण किया। इस अवसर पर माननीय केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री, पंकज चौधरी और डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेज के सचिव के. मोसेस चालई के साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्कोप और पावरग्रिड के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे। यह सम्मान पावरग्रिड की प्रगतिशील मानव संसाधन प्रथाओं को उजागर करता है, साथ ही पूरे संगठन में नवाचार, समावेशिता और समग्र कल्याण की संस्कृति का बढ़ावा देती हैं। 31 जुलाई 2025 तक पावरग्रिड 286 सब-स्टेशनों, 1,80,849 सर्किट किलोमीटर ट्रांसिमशन लाइनों और 5,74,331 एमवीए की ट्रांसफॉमेर्शन क्षमता को कमीशन कर संचालित कर रहा है।

# शीर्ष 10 कंपनियों में से 8 का बाजार पूंजीकरण 2 लाख करोड़ रुपये घटा

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा भारत से आयातित मेंथा ऑयल और अन्य उत्पादों पर 50% टैरिफ लगाने से उद्योग गहरे संकट में है। इस फैसले से करोड़ों रुपये का नुकसान और लाखों किसानों व मजदूरों की आजीविका खतरे में पड़ गई है। निर्यातकों का कहना है कि अमेरिकी खरीदार बढ़ी कीमतें स्वीकार नहीं कर रहे, जिससे ऑर्डर रुक या रद्द हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश के रामपुर व मुरादाबाद के उद्योगों पर भी गंभीर असर पड़ा है। 300 करोड़ से अधिक के ऑर्डर ठप हो चुके हैं और हजारों लोगों की नौकरियां दांव पर लग गई हैं। उद्योग जगत ने सरकारी हस्तक्षेप की मांग की है। हवाईअड्डों के आसपास रियल एस्टेट गतिविधियों को सरकार देगी बढ़ावा नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने शनिवार को कहा कि सरकार देश में बनने वाले



नए और आगामी हवाईअड्डों के आसपास रियल एस्टेट गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ठोस प्रयास करेगी, ताकि इस क्षेत्र की वृद्धि दर 15% तक पहुंचाई जा सके।

### इंडियन ऑयल 5 साल में करेगी 1.66 लाख करोड़ का निवेश

देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन पांच वर्षों में 1.66 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी तेल शोधन और ईंधन विपणन के साथ पेट्रोकेमिकल्स, प्राकृतिक गैस और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में विस्तार करेगी। कंपनी के चेयरमैन अरविंदर साहनी ने कहा, कंपनी 40,000 से अधिक ईंधन खुदरा नेटवर्क का विस्तार जारी रखेगी।

### 43 करोड़ की टैक्स चोरी, एक गिरफ्तार

वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि जीएसटी खुफिया शाखा ने 145 करोड़ मूल्य के फर्जी चालान जारी करने से संबंधित धोखाधड़ी का पदार्फाश किया है। 43 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि कुछ लोगों ने जाली दस्तावेजों के जरिए फर्जी जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराए और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लिया। तलाशी के दौरान अधिकारियों को आरोपी के ठिकाने से मोबाइल फोन, नकली आधार कार्ड, जाली दस्तावेज और गैर-कारोबारी इकाइयों के बोर्ड की तस्वीरें मिलीं। जांच से पता चला है कि फर्जी कंपनियों से बिना वास्तविक कारोबारी गतिविधियों के फर्जी इनवॉयस और ई-वे बिल बनाए गए। मंत्रालय ने कहा कि मामले में केस दर्ज कर जांच जारी है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- आप यह कैसे पता करते हैं कि अंडा अच्छे से बॉईल हो गया है या कच्चा है, अंडे को घुमाइये अगर यह आसानी से घूमने लगे तो समझ लिजिये अंडा अच्छे से बॉईल हो चूका है, और यदि न घूमे तो इसे और बॉईल कर लीजिए।
- एक एवरेज मुर्गी एक साल में 300 से 325 अंडे तक देती है।
- एक अंडे को उत्पन्न करने में मुर्गी को 24 से 26 घण्टों का समय लगता है, जैसे मुर्गी वयस्क होती है, बड़े अंडे उत्पन्न करती है।
- अंडे का पीला भाग उन खाने वाले पदार्थों में से एक है जो की विटामिन डी का प्राकृतिक स्रोत हैं।
- केवल अंडे की प्रोटीन में आवश्यक अमीनो एसिड का सही मिश्रण होता है, जो मनुष्यों द्वारा उनके ३२२४ी२ तिस्सुज निर्माण करने के लिए बहुत जरुरी होता है। यकींन मानिए दोस्तों यह मनुष्य के पोषण के लिए माँ के दूध के बाद दूसरे नंबर पर आता है।
- ब्राउन ऐग्ग सफेद अण्डों से महंगे होते हैं, भूरे अंडे वाली मुर्गी सफेद अंडे वाली मुर्गी की तुलना में फिजिकली बड़ी होती हैं, जिससे उन्हें अधिक खाने की जरुरत पड़ती है और किसानों को उन्हें ज्यादा खिलाने की बजह से ज्यादा खर्च करना पड़ता है।

## राशिफल

**मेष:** आज का दिन मौज-मस्ती और आनंद से भरा रहेगा- जैसा कि आप जीवन को भरपूर जीएंगे। आज आपको अपना पैसा खर्च करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी

**वृष:** ज्यादा खाने से बचें और अपने वजन पर नजर रखें। मित्रों के सहयोग से आर्थिक परेशानी दूर होगी। आज आपमें धैर्य की कमी रहेगी। इसलिए संयम बरतें।

**मिथुन:** आपका बचकाना स्वभाव फिर सामने आएगा और आप शरारती मूड में रहेंगे। आज आपका सामना कई नई आर्थिक योजनाओं से होगा।

**कर्क:** आपको चपलता देखने को मिल सकती है। स्वास्थ्य पूरा साथ देगा। दिन बहुत लाभदायक नहीं है इसलिए जेब पर नजर रखें और जरूरत से ज्यादा खर्च न करें।

**सिंह:** ढीली चीजों का सेवन न करें, नहीं तो सेहत में उथल-पुथल हो सकती है। संपत्ति से जुड़े लेन-देन पूरे होंगे। मित्रों-परिवार के सहयोग से आत्मविश्वास से भरे रहेंगे।

**कन्या:** रोग से शीघ्र स्वस्थ होने के योग हैं। मनोरंजन और सुंदरता बढ़ाने में ज्यादा समय न लगाएं। कीमती समय अपने बच्चों के साथ बिताएं। यह सर्वोत्तम मलहम है।

**तुला:** आपकी व्यक्तिगत समस्याएं आपकी मानसिक शांति भंग कर सकती हैं। मानसिक दबाव से बचने के लिए कुछ रोचक और अच्छा पढ़ें।

**वृश्चिक:** ध्यान और योग आपके लिए फायदेमंद साबित होंगे। जो लोग अब तक बिना सोचे-समझे पैसा बर्बाद कर रहे थे, उन्हें आज पैसों की जरूरत पड़ सकती है।

**धनु:** खुश रहें क्योंकि अच्छा समय आने वाला है और अतिरिक्त ऊर्जा का अनुभव करेंगे। चंद्रमा की स्थिति के कारण आपका पैसा अनावश्यक चीजों पर खर्च हो सकता है।

**मकर:** गुस्सैल व्यवहार सेहत के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। अगर किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो अपने कीमती सामान का ध्यान रखें, चोरी होने की संभावना है।

**कुंभ:** दिन फायदेमंद साबित होगा और किसी पुराने रोग में काफी सहज महसूस करेंगे। अधिक खर्च और चतुर वित्तीय योजनाओं से बचें।

**मीन:** गर्भवती महिलाओं के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतने का दिन है। जो लोग अब तक बिना सोचे-समझे पैसा बर्बाद कर रहे थे, उन्हें आज पैसों की जरूरत पड़ सकती है।

## चुटकुले

गर्लफ्रेंड: मेरे पापा ने कहा है कि अगर मैं एग्जाम में फेल हो गई तो मेरी शादी रिक्शावाले से करा देंगे।
पप्पू: अरे वाह! मेरे पापा ने कहा है कि अगर मैं फेल हुआ तो मुझे रिक्शा खरीद देंगे।

---

संता (मेहमान से) : ठंडा लोगे या गरम?
मेहमान: दोनों ले आओ...
संता: प्रीतो.. एक गिलास फ्रीजर से और दूसरा गिलास गीजर से पानी ले आओ...

---

महिला: मुझे मेरे पूर्व पति से फिर से शादी करनी है।
वकील: अभी आठ दिन पहले ही तो आपका तलाक करवाया है।
फिर क्यों!!
महिला: वो तलाक के बाद बहुत खुश दिख रहे हैं और मैं ये बर्दाश्त नहीं कर सकती

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



## विमुक्त जाति दिवस पर सीएम योगी का ऐलान

# समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध





**लखनऊ करंट क्राइम।** लखनऊ स्थित छत्रपति साहू महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन में विमुक्त जाति दिवस समारोह का भव्य आयोजन समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि मंत्री नरेंद्र कश्यप ने विशेष सहभागिता की।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विमुक्त एवं घुमंतू समाज ने कठिन परिस्थितियों में जीवन व्यतीत करते हुए हमेशा समाज को दिशा दी है। सरकार का संकल्प है कि इस समाज के सर्वांगीण विकास के लिए हर स्तर पर योजनाएँ लागू हों। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि इस समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में बराबरी का अवसर मिले। मेधावी छात्रों के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजनाएँ चलाई जा रही हैं और सरकारी सेवाओं में प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

**मेधावी प्रतिभाओं का सम्मान :** समारोह में सरकारी सेवाओं और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले विमुक्त समाज के युवाओं को प्रमाणपत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मंत्री नरेंद्र कश्यप ने संयुक्त रूप से इन प्रतिभाओं को सम्मानित किया।

### शिक्षा और रोजगार से ही समाज सशक्त और आत्मनिर्भर बनता है : नरेंद्र कश्यप

करंट क्राइम। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी समाज हाशिये पर न रहे। शिक्षा और रोजगार से ही समाज सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकता है। उन्होंने समारोह में विमुक्त समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि ये युवा आने वाले समय में प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।



# ट्रॉनिका सिटी पुलिस ने दो शातिर वाहन चोर दबोचे, 8 मोटरसाइकिल व एक ई-रिक्शा बरामद



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** ट्रॉनिका सिटी थाना पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं पर सफलता हासिल की है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे और निशानदेही से 8 चोरी की मोटरसाइकिलें और एक ई-रिक्शा बरामद किया। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया है कि पुलिस टीम ने चौकी क्षेत्र सिग्नेचर सिटी के पास चेकिंग अभियान के दौरान इन अपराधियों को पकड़ा। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम अभिषेक उर्फ गोविंद (22 वर्ष) निवासी ग्राम मीरपुर थाना ट्रॉनिका सिटी और मोदहत उर्फ सिध्दू (21 वर्ष) निवासी डिमांड चौक, सिध्दू एन्क्लेव, रामपकफ एक्सटेंशन थाना ट्रॉनिका सिटी हैं।

पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे आपस में मित्र हैं और पहले भी वाहन चोरी व अन्य अपराधों में जेल जा चुके हैं। पैसों की कमी व मुकदमों की पैरवी के लिए वे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र से मोटरसाइकिल और ई-रिक्शा चोरी कर अलग-अलग स्थानों पर छिपाकर बेच देते थे। बरामद वाहन इन्होंने झाड़ियों में डीजल टंकी के पास छुपाकर रखे थे।

### दोनों चोरों पर दर्ज हैं कई मुकदमे

करंट क्राइम। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया है कि अभिषेक उर्फ गोविंद पर 5 मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें 3 वाहन चोरी, 1 आर्म्स एक्ट और 1 गैंगस्टर एक्ट शामिल हैं। तो वहीं मोदहत उर्फ सिध्दू पर 6 मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें 3 वाहन चोरी, 1 डकैती, 1 डकैती का प्रयास और 1 मारपीट का मामला शामिल है।

# चीन ने कजाकिस्तान को 13-1 से रौंदा यूआनलिन लू की हैट्रिक से हुआ धमाका



**एशिया कप।** एशिया कप मेंस हॉकी 2025 के तीसरे दिन रविवार को चीन और कजाकिस्तान के बीच खेले गए मुकाबले में गोलों की बरसात देखने को मिली। करो या मरो की स्थिति में उतरी दोनों टीमों में से चीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कजाकिस्तान को 13-1 के भारी अंतर से मात दी। इस जीत के साथ चीन ने टूनार्मेंट में अपनी साख फिर से मजबूत कर ली।

### यूआनलिन लू बने जीत के नायक

मैच का सबसे बड़ा आकर्षण चीन के स्टार खिलाड़ी यूआनलिन लू रहे, जिन्होंने शानदार हैट्रिक लगाकर अपनी टीम को बड़ी जीत दिलाई। उनके आक्रामक खेल और बेहतरीन फिनिशिंग की बदौलत उन्हें ह्यमैन ऑफ द मैचह्व चुना गया। भारत के खिलाफ पहले मैच में हार के बाद दबाव झेल रही चीनी टीम ने इस मुकाबले में बेहतरीन वापसी की।

### कजाकिस्तान की आश्चर्यजनक शुरूआत

मैच की शुरूआत कजाकिस्तान ने चौंकाने वाले अंदाज में की। उनके खिलाड़ी आगिमताय दुइसेनगाजी ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि यह बढ़त ज्यादा देर टिक नहीं पाई। गोल खाने के बाद चीन ने तेजी से अपनी रणनीति बदली और आक्रामक खेल दिखाना शुरू किया। पहले क्वार्टर में ही चीन ने तीन गोल दागकर 3-1 की बढ़त हासिल कर ली। इसी के साथ मैच पूरी तरह उनके पक्ष में चला गया।

हाफ टाइम तक चीन ने स्कोर 4-1 कर दिया, लेकिन असली जलवा तीसरे क्वार्टर में देखने को मिला। इस दौरान चीन ने लगातार छह गोल दागकर कजाकिस्तान की रक्षा पंक्ति को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। चौथे और अंतिम क्वार्टर में भी चीन का दबदबा कायम रहा और तीन और गोल जोड़कर उन्होंने मुकाबले को 13-1 पर समाप्त किया। यूआनलिन लू की हैट्रिक के अलावा बेनहाई चेन और शिहायो डू ने दो-दो गोल दागे। वहीं चैंगलियांग लिन और जियालोंग ज्यू ने भी दो-दो गोल करके टीम की जीत को ऐतिहासिक बना दिया। इसके अलावा क्यूजून चेन और जीएशेंग गाओ ने एक-एक गोल का योगदान दिया।

13-1 का यह स्कोर एशिया कप हॉकी के इतिहास की सबसे बड़ी जीतों में से एक माना जा रहा है। इस जीत ने न केवल चीन को टूनार्मेंट में मजबूती दी बल्कि आने वाले मुकाबलों के लिए टीम के आत्मविश्वास को भी ऊंचाई पर पहुंचा दिया।

# सीएसएचपी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सी.एस.एच.पी. पब्लिक स्कूल, प्रताप विहार, गाजियाबाद में 29 अगस्त 2025 को 'मेजर ध्यानचंद' के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और उनके जीवन में खेलों के महत्व को समझाना था। समारोह का उद्घाटन और परिचय : कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल की प्रधानाचार्या ममता शर्मा ने किया। इसके बाद, शारीरिक शिक्षक के.के. शर्मा ने छात्रों को राष्ट्रीय खेल दिवस के इतिहास के बारे में बताया और समझाया कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

**विविध खेल प्रतियोगिताएं :** इस अवसर पर कई तरह के खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें पचास मीटर दौड़, बाधा दौड़, बैटल दौड़, और बैग पैक दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

**पुरस्कार वितरण और प्रेरणादायक संदेश :** कार्यक्रम के अंत में, स्कूल की निर्देशिका सविता गुप्ता और प्रधानाचार्या ने मिलकर विजेता छात्रों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। सविता गुप्ता ने अपने संदेश में छात्रों को भविष्य में भी खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या ममता शर्मा ने शिक्षा के साथ-साथ खेलों के महत्व पर जोर दिया और कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। उन्होंने छात्रों को संतुलित भोजन और शारीरिक गतिविधियों को अपने जीवन में शामिल करने की सलाह दी। भविष्य में ऐसे और आयोजन करने का वादा करते हुए, प्रधानाचार्या ने सभी प्रतिभागियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

# गाजियाबाद में राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ की जिला कार्यकारिणी का विस्तार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय अध्यक्ष आर.डी. शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष पं. अमरेश शर्मा के मार्गदर्शन में गाजियाबाद जिले की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने नई टीम की घोषणा करते हुए सुशील शर्मा, अरुण शर्मा, अनिल त्यागी, दीपक त्यागी, राजीव कुमार शर्मा, प्रदीप शर्मा, रजनीश शर्मा, अंकित त्यागी, अजय शर्मा, सुनील शर्मा, विपिन शर्मा, संजय शर्मा, श्रीकांत शर्मा, आदेश शर्मा, राहुल पंडित, आकाश त्यागी, सुमित शर्मा, नवीन कौशिक, जे.पी. शर्मा को कमेटी में शामिल किया।

प्रदेश कमेटी से पं. राजपाल शर्मा, पं. श्याम बाबू शर्मा, पं. विनोद त्रिपाठी, पं. विनोद शर्मा, पं. तिलक राम पांडे और आशुतोष शर्मा की उपस्थिति रही। प्रदेश प्रभारी सुनील कुमार शर्मा (मास्टर जी) ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र देकर स्वागत किया। इस मौके पर पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने और समाज सेवा को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।

# आम आदमी पार्टी का 'हर घर संपर्क अभियान', वार्ड 38 अर्थला में हुई बैठक




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आम आदमी पार्टी ने संगठन विस्तार के तहत वार्ड 38 अर्थला में 'हर घर संपर्क अभियान' की बैठक आयोजित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह ने की। प्रदेश प्रवक्ता एवं साहिबाबाद संगठन प्रभारी तरुणिमा श्रीवास्तव ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य है - पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुँचाना, भाजपा सरकार की कमियों को उजागर करना और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती देना। बैठक में कई वार्डों के साथियों को जिम्मेदारी सौंपी गई और नए कार्यकताओं ने पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की।

मौजूद पदाधिकारी व कार्यकता : इस मौके पर जिला सचिव सोडी सिंह, रवि त्रिपाठी, राकेश यादव, पुष्पेंद्र राघव, पंकज मदान, एडवोकेट हिना, डॉ. नजाकत अली चौहान, इंद्रजीत सिंह, अनिल ठाकुर, राजकुमार, यादव गुड्डू, गुलशन भाटिया, आदित्य, अक्षत यादव, मयंक यादव, गगन यादव, नितेश शुक्ला, नंदलाल यादव, अर्जुन कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्वांचल भोजपुरी महासभा की एकता को मजबूत करने के लिए बैठक का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्वांचल भोजपुरी महासभा की मासिक बैठक का आयोजन पूर्वांचल भवन नंदग्राम में केदारनाथ तिवारी की अध्यक्षता में की गई, जिसमें संगठनात्मक चर्चा के साथ युवाओं को आगे बढ़कर पूर्वांचली संस्कृति और विरासत की रक्षा का आह्वान किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि कोर कमेटी की बैठक हर महीने के दूसरे रविवार को की जाएगी जिसमें अग्रिम कार्य योजनाओं और उसके क्रियान्वयन पर विमर्श करते हुए संगठन अपने दायित्व का निर्वहन करेगा ।बैठक में शैलेंद्र श्रीवास्तव , प्रकृति रूपा डीपी पांडेय, अनिल सिन्हा, कैप्टन गोपाल सिंह, जेपी यादव, अभिनंदन तिवारी, अनूप पांडेय, विनोद अकेला, कमल यादव, रवि शंकर प्रसाद, अभिनव श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, सुरेन्द्र प्रसाद, गणेश शर्मा, रणजीत शर्मा, अशोक शर्मा, अजय श्रीवास्तव, अवधेश कुमार, प्रभा शंकर सिंह, आर पी शुक्ला, ब्रजेश प्रसाद, विद्या शंकर त्रिपाठी, राम गणेश सिंह, वीरेंद्र कुशवाहा,आदि उपस्थित रहे।

# पार्षद राजकुमार भाटी ने सुनी कार्यकर्ताओं संग 'मन की बात'



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली वार्ड 89 के पार्षद राजकुमार भाटी ने अपने क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया और प्रधानमंत्री के संदेश को समझने का प्रयास किया। इस मौके पर पार्षद राजकुमार भाटी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक मासिक रेडियो कार्यक्रम है, जिसमें वे देशवासियों से संवाद करते हैं और विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा करते हैं। यह कार्यक्रम देश के विकास और जन कल्याण के लिए प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

उन्होंने इस कार्यक्रम के माध्यम से अपने क्षेत्र में विकास और जन कल्याण के कार्यों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया है। इस कार्यक्रम में पूर्व पार्षद मधु सिंह, उषा मित्तल, सन्तोष वर्मा, राजी अरोड़ा, रेनू वडेरा, माधुरी सिह, निधि सेठ, सोना बहुगुना, खुशबू रस्तोगी, अर्चना कुलश्रेष्ठ दीपक कनौजिया, जयवीर आदि लोग उपस्थित रहे।

# बरसात में निगम अधिकारियों ने संभाली कमान हॉटस्पॉट पर चला जल निकासी अभियान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बरसात के मौसम में गाजियाबाद नगर निगम ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह के दिशा-निर्देशों पर तेजी से मोर्चा संभाला। भारी बारिश के दौरान पांचों जोन व इंदिरापुरम क्षेत्र में जल निकासी की कार्यवाही लगातार चलती रही।



मुख्य बातें

**अलर्ट मोड :** बारिश की शुरुआत होते ही नगर आयुक्त ने वॉकी-टॉकी के माध्यम से अधिकारियों को अलर्ट किया। पूरी टीम 24 घंटे जल निकासी व्यवस्था में सक्रिय रही।

**वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी :** अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद ने मौके पर टीमों की मॉनिटरिंग की।

**मोहन नगर जोन पर विशेष अभियान :** भोपुरा, शालीमार गार्डन और मोहन नगर बस अड्डे पर जलभराव के स्थायी समाधान के लिए पुलिया की सफाई, अतिक्रमण हटाने और नाला सफाई कराई गई।

**भारी बारिश में भी व्यवस्था :** जेसीबी व पंप सेट लगाकर जल निकासी कराई गई। गिरे हुए पेड़ हटाए गए और कई स्थानों पर इलेक्ट्रिक पोल को भी दुरुस्त किया गया।

**यातायात सुचारु:** निगम की सक्रियता से शहर में भारी बारिश के बावजूद यातायात बाधित नहीं हुआ।

# सर्व समाज रामलीला समिति ने भूमि पूजन और हनुमान ध्वज की स्थापना कर की 2025 रामलीला की तैयारी शुरू





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** सर्व समाज रामलीला समिति 2025 का मंचन 22 सितंबर से आरंभ होने जा रहा है जिसका दशहरा महोत्सव जो भव्य रूप से धूमधाम से मनाया जाता है। समिति के रामलीला ग्राउंड में आज भूमि पूजन कर हनुमान जी के ध्वज की स्थापना सर्व समाज रामलीला समिति के सभी सदस्यों द्वारा की गई जिसमें समिति के सदस्य उपस्थित रहे अध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर, विनोद कुमार शर्मा दरोगा, जितेंद्र कौशिक, रकम सिंह नागर, राजेंद्र त्यागी, जगनारायण यादव, प्रवीण वर्मा, नरेंद्र तोमर, नरेश शर्मा, विनोद शर्मा, प्रवीण कौशिक, शेखर वर्मा, अजय झा, महासचिव जितेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष प्रमोद राजपूत, सुंदर सिंह, सुधीर नागर, हरीश भाटी, लोकेश चौधरी, आदेश नागर, जितेंद्र तोमर, विपिन गुप्ता, दीपक तोमर, विपिन शर्मा, एसके सिंह, अभिषेक पाठक, जयप्रकाश झा, विनोद सिंह, राजवीर राघव, खूबेश सिंह, महेश मालाकार, पवन शर्मा, शैलेंद्र भदोरिया, बृजेश राठौर, नितेश जैन, वीरेश हरमेल सिंह, अनिल शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा का जन्मदिन मना धूमधाम से



गाजियागाद (करंट क्राइम)। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा का जन्मदिन उनके समर्थकों, भाजपा कार्यकर्ताओं और समाज के गणमान्य लोगों ने धूमधाम से मनाया। सभी ने राजा वर्मा के जन्मदिन पर उनकी लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी।




## नहीं थमा अगर घमासान तो पंच बनकर आयेंगे ज्ञान

टेम्पल वाला मामला फंस गया है और यहां रस्साकसी मंदिर और स्कूल के बीच चल रही है। नक्शा ये कहता है कि मंदिर पहले बना और स्कूल बाद में आया। पूरे मामले से जुड़े बड़े बुजुर्ग ने बताया कि ये तो मंदिर का संविधान भी कहता है कि कभी पेंच फंस जाये और ये तय ना हो पाये कि सरपंच कौन बनेगा। ऐसे में संविधान में ये स्पष्ट लिखा है कि मंदिर वाले पांच पंच ही सरपंच वाली भूमिका में आ जायेंगे। अगर ऐसा हुआ और घमासान नहीं थमा तो सबसे पहले नाम ज्ञान का है और फिर साबुन वाले गोयल हैं और फिर स्टेशनरी वाले युवा गोयल भी हैं। दो सदस्य और हैं जिनमें गोयल और गुप्ता हैं। बताया जा रहा है कि फिर ये पांचों पंच ही सरपंच बनकर आ जायेंगे और घमासान वाले भी जानते हैं कि इस पूरे मामले की जान ही ज्ञान है। अब आगे क्या होगा ये देखा जायेगा।

## कौन पदाधिकारी मेहरबान है थियेटर वाली मैडम पर

पुराने शहर की रामलीला कमेटी इस बार नए क्लेवर और नए फ्लेवर के साथ आई है। वो थियेटर कल्चर को लेकर आई है। सुना है कि उस्ताद खलीफा की परम्परा वाली रामलीला में इस बार इनवीटेशन वाले कार्ड पर सबसे ऊपर थियेटर वाली मैडम के फोटो को जगह दी गई है। निमंत्रण का फार्मेट बाहर आ गया और सुना है कि रामलीला से जुड़े पुराने बुजुर्गों में इस बात को देखकर ऊबाल आ गया। यहां पर ये भी चर्चा चली है कि आखिर थियेटर वाली मैडम इस कमेटी में क्या है? क्या वो रामलीला की खलीफा है? क्या उसे उस्ताद की पदवी मिली है? अब पता इस बात का लगाया जा रहा है कि आखिर वो रामलीला कमेटी में वो कौन है जो थियेटर वाली मैडम को इतना मान-सम्मान दे रहा है। भले ही निमंत्रण पत्र बंटने से पहले फार्मेट चेंज हो जाये लेकिन बात तो बाजार में आ गई है। और लोगों ने भी दांतों तले ऊंगली दबा ली है कि ऐसा तो रामलीला में पिछले 100 सालों में नहीं हुआ। आखिर पता तो लगाओ कि मैडम पर किसकी मेहरबानी है।

## इस बात को लेकर उठी है मरोड, सीन में आ गये तीन करोड़

वैसे तो धर्म और शिक्षा की इस जंग में कई रंग आ रहे हैं। कहानी में समाजवादी रंग भी है और कहानी में भगवा रंग भी है। कहानी में विश्व हिंदु परिषद वाले भी है और कहानी में विधान परिषद वाले भी हैं। सभी लोग प्रतिष्ठित हैं सभी लोग आर्थिक रूप से मजबूत हैं। फिर ऐसा क्या है कि बिटविन स्कूल एंड टेम्पल घमासान मच गया है। बताया जाता है कि सीए साहब के निधन के बाद पता चला कि धन तो करोड़ों में था। तीन महीने में जब तीन करोड़ आ गये तो इसे देखकर साबुन वाले भी चकरा गये। यहीं से पहले विचार हुआ। फिर तकरार की नौबत आ गई और अब कहानी कोर्ट की तरफ बढ़ रही है। पता चला है कि अगर हर मंथ पचास पेटी ही रह जाते तो मामला कुछ भी नहीं था। लेकिन जब तीन महीने में तीन करोड़ आ गये तो इसी बात पर विचार टकरा गये और अब झगड़ा पारदर्शिता को लेकर चल रहा है।

# मुरादनगर में 'धन्यवाद प्रेस का' कार्यक्रम, पत्रकारों का हुआ सम्मान







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विकास संघर्ष समिति गाजियाबाद के तत्वावधान में राधेश्याम विहार, मेरठ रोड स्थित यू.पी.-14 होटल एंड रेस्टोरेंट में रविवार को 'धन्यवाद प्रेस का' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर समिति की ओर से क्षेत्र की ग्रामीण जनता से जुड़े किसानों और मजदूरों के हित में चलाए गए 11 आंदोलनों को मीडिया के माध्यम से शासन-प्रशासन तक पहुंचाने वाले पत्रकारों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष चौधरी आजाद प्रमुख सहित पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने सभी समाचार पत्र प्रतिनिधियों को प्रतीक चिन्ह और धन्यवाद पत्र भेंटकर सम्मानित किया।

**तीन दर्जन से अधिक पत्रकार हुए शामिल :** करीब दो घंटे चले इस कार्यक्रम में लगभग तीन दर्जन समाचार पत्रों के ब्यूरो चीफ व संवाददाता मौजूद रहे। इनमें राकेश गोयल (राष्ट्रीय सहारा), ब्रह्मपाल सिंह (एनबीटी), चन्द्रशेखर त्यागी (हिन्दुस्तान), हरभजन सिंह (अमर उजाला), विजय भूषण त्यागी (दैनिक जागरण), जितेंद्र कुंडू (दैनिक भास्कर), राशिद अल्वी (दैनिक मनस्वी वाणी) सहित अनेक वरिष्ठ पत्रकार शामिल रहे।

**समिति पदाधिकारियों की मौजूदगी :** कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के संरक्षक पं. सीताराम शर्मा (रेवड़ी) ने और संचालन कानूनी सलाहकार एडवोकेट बी.सी. बंसल ने किया। इस अवसर पर सचिव सलेक भईया, कोषाध्यक्ष प्रवीण त्यागी, उपाध्यक्ष शिवराज त्यागी, संगठन सचिव बूटन त्यागी, प्रचार सचिव बृजपाल सिंह निमेश सहित कई पदाधिकारी व ग्राम प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

**आभार और आह्वान :** कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने मीडिया की निष्पक्ष भूमिका की सराहना की और पत्रकारों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। साथ ही समाज और किसानों के हित में संगठित रहकर संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया गया।

# इंदिरापुरम में धरोहर सामाजिक समिति की रामलीला का हुआ भूमि पूजन

## बजरंग बली ने ध्वज की स्थापना



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के न्याय खंड एक में धरोहर सामाजिक समिति रामलीला का रविवार को विधि विधान से भूमि पूजन आयोजन किया गया। शिवाजी पार्क, न्याय खण्ड-1 की साफ -सफाई तथा, शुद्धिकरण किया जाता है, देवताओं की स्तुति की जाती है, और उनसे आह्वान किया जाता है कि इस पवित्र भूमि पर आयोजित होने वाले प्रभु कार्य को बिना विघ्न -बाधाओं के संपन्न करें। साथ ही इसी दिन, रामलीला मैदान में, बजरंग बली द्वारा ध्वजारोहण कर ध्वज स्थापना की जाती है, जो यह दर्शाता है कि इस पूरे आयोजन के दौरान भगवान राम के परम अनन्य भक्त बजरंग बली द्वारा इस पूरे क्षेत्र की रक्षा - सुरक्षा की जाएगी, और इसके साथ-साथ ही रामलीला में अभिनय करने वाले सभी पात्रों को, आचार्य द्वारा कलावा बंधन किया जाता है, जिसमें कलाकारों द्वारा यह शपथ ली जाती है कि वे, समर्पित भाव से, शुद्ध अंतर्मन और अपने शुद्ध आचरण से प्रभु लीला मंचन में अपनी भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर संरक्षक चन्दन गुसाई, राजपाल पायल, बाला दत्त पांडेय, धरोहर अध्यक्ष मोहन सिंह नेगी, रतन सिंह, हरि सिंह बिष्ट, पार्षद हरीश कडाकोटी, मोहन नायक, गोपाल घुगतियाल आदि लोग मौजूद रहे।

# वैशाली दुर्गा रामलीला कमेटी ने किया भूमिपूजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर दो स्थित वाटिका पार्क में रविवार को मां दुर्गा रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला के भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया। कमेटी के सदस्य ने बताया कि 21 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक रामलीला मंचन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष दिनेश लखेड़ा, हरीश साह, बीडी सनवाल, दिनेश बिष्ट, वीरेंद्र रावत, वृजमोहन नेगी, राजेश, बलवंत रावत, नरेन्द्र रावत, कैलाश भट्ट, पवन गुसाईं, भमनमित वार्ष्णेय, डी पी सिंह, के पी यादव, विनोद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।




# कब पूरे होंगे लिस्ट वाले अरमान

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ी संख्या में आईपीएस अधिकारी हैं। तो कुछ यहां से अब जाने का मन भी बनाकर बैठे थे। पर जिस तरह से एक के बाद एक लिस्ट आ रही है पर उसमें कुछ का लिंक नहीं बन पा रहा है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि यहां से लगातार कुछ अधिकारी अपने लिए जगह तलाश कर रहे हैं। तो कुछ कहीं नई जगह जाने का भी प्लान बना रहे हैं। प्रदेश स्तर पर आई रविवार को एक आईपीएस वाली लिस्ट के बाद कमिश्नरेट वाले सिस्टम में फिर कुछ लोगों के अरमान पूरे नहीं हो पाए हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तैनात आईपीएस अधिकारी अपनी नई पोस्टिंग के लिए बीते लंबे समय से प्रयासरत थे। उनको उम्मीद थी कि मौजूदा लिस्ट में उनका कहीं ना कहीं मामला सेट हो जाएगा, पर जिस तरीके से लिस्ट में कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में कोई परिवर्तन नहीं आया, उससे वह थोड़ा टेंशन में बताए जा रहे हैं। उधर पुलिस मुख्यालय वाले सोर्स बता रहे हैं कि अभी लखनऊ वाले स्तर से कई और छोटी-छोटी लिस्ट सितंबर के महीने में भी जारी रहने की सूचना मिली है। उधर इस लिस्ट की वजह




से कमिश्नरेट वाले सिस्टम में भी दो पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों को नया पद नहीं मिल पा रहा है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि सोमवार से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक आईपीएस अधिकारी अपनी वर्किंग शुरू कर देंगे। उनकी वर्किंग के बाद कमिश्नरेट में कई प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिलेंगे। बताया जा रहा है कि उनके आने भर की भनक से कई स्तर के अधिकारियों में खलबली मची हुई है। हालांकि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में हर अधिकारी का अपना दायित्व और जिम्मेदारी है और मौजूदा वाले साहब भी पद और प्रतिष्ठा का ध्यान रखते हैं। इसके बावजूद भी इस तरीके की चर्चा सुनाई दे रही है कि कुछ बदलाव अभी और होने बाकी हैं। उधर सुनने में आ रहा है कि कई फेस अभी ऐसे भी हैं जो यहां आने के लिए प्रयास में लगे हुए हैं, अब देखना होगा उनको सफलता कब मिलती है और कितना असर दिखा पाते हैं उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार ऑपरेशन लंगड़ा जारी है, जो कमिश्नरेट की पोजीशन को ठीक बनाने का काम कर रहा है।

# पार्षद अनिल तोमर के कार्यालय में गूंजी 'मन की बात', विकास कार्यों का लिया संकल्प





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद के इंदिरापुरम स्थित वार्ड 98 में, मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्षद अनिल तोमर के कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को सुना। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सह-संयोजक (श्रम प्रकोष्ठ) योगेश कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'मन की बात' प्रधानमंत्री का एक मासिक रेडियो कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से वह देशवासियों से संवाद स्थापित करते हैं और राष्ट्र के विकास व जन कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।

मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और प्रधानमंत्री के विचारों को समझने का प्रयास किया। उन्होंने संकल्प लिया कि वे इस कार्यक्रम से प्रेरित होकर अपने क्षेत्र में विकास और लोक कल्याण के कार्यों को गति देंगे।

पार्षद अनिल तोमर ने अपने कार्यालय में इस कार्यक्रम की मेजबानी की। उन्होंने भी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए सामूहिक रूप से काम करने का संकल्प दोहराया।

इस मौके पर आशीषदेव दत्त, जय श्री सिंह, नवीन शर्मा, गायत्री पांडे, डॉ. लीना तोमर, अजय गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अंकुर त्यागी, आदित्य, हेमंत, शंकर गुप्ता, सुनील कुमार सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राजनगर एक्सटेंशन की वीवीआईपी सोसायटी मंदिर में मनाई गई राधा अष्टमी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित वीवीआईपी सोसायटी मंदिर में रविवार को राधा अष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सोसायटी के गेट पर एकजुट होकर प्रसाद स्वरूप कढ़ी-चावल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में एओए मेंबर योगेश त्यागी, मंदिर समिति के गौरव गर्ग, मोहित जिंदाल, सौरभ शर्मा, विभोर मित्तल, सौरभ अग्रवाल, कमल गोयल, सजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में सोसायटी के लोग उपस्थित रहे।



# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। प्रखर फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़ी नमिता भल्ला ने अपनी बहन कीर्ति सक्सेना के जन्मदिन पर उनके लिए ईश्वर से विशेष कामना की। नमिता भल्ला ने अपनी बहन कीर्ति सक्सेना के लिए उनकी लंबी आयु ,उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना करते हुए उनके सर्व मंगल की प्रार्थना ईश्वर से की। नमिता भल्ला ने अपनी खुशी को सोशल मीडिया पर साझा किया और उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# चीन में एक मंच पर जिनपिंग-पुतिन और पीएम मोदी एससीओ के नेताओं का हुआ ग्रुप फोटो सेशन



**एससीओ के स्वागत समारोह में वैश्विक नेताओं की ग्रुप फोटो चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के आधिकारिक स्वागत समारोह में राष्ट्राध्यक्ष/शासनाध्यक्ष पहुंचे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अन्य विश्व नेता ग्रुप फोटो सेशन में शामिल हुए**

**बीजिंग ।** पीएम मोदी ने नेपाली पीएम से की मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'तियानजिन में नेपाल के प्रधानमंत्री श्री के.पी. ओली से मिलकर प्रसन्नता हुई। नेपाल के साथ भारत के संबंध गहरे और बहुत विशेष हैं।' पीएम मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति से की बातचीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, 'तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू से बातचीत की। मालदीव के साथ भारत का विकासात्मक सहयोग हमारे लोगों के लिए बहुत फायदेमंद है।' पीएम मोदी ने मिस्त्र के प्रधानमंत्री से की भेंट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान मिस्त्र के प्रधानमंत्री से भी मुलाकात की है। इसे लेकर उन्होंने एक्स पर लिखा, 'एससीओ शिखर सम्मेलन में मिस्त्र के प्रधानमंत्री मुस्तफा मदबौली से मुलाकात की। कुछ साल पहले की अपनी मिस्त्र यात्रा को याद किया। भारत-मिस्त्र मित्रता प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है।' पीएम मोदी ने बेलारूस के राष्ट्रपति से की मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन में बेलारूस के राष्ट्रपति से मुलाकात की है। इसे लेकर उन्होंने एक्स पर लिखा, 'बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको से मिलकर खुशी हुई। जहां तक हमारे देशों का संबंध है, हम दोनों ही भविष्य में मिलने वाले लाभकारी अवसरों को लेकर बहुत आशावादी हैं।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'ताजिकिस्तान के राष्ट्रपति इमोमाली रहमान के साथ बातचीत करना हमेशा खुशी की बात होती है। भारत के व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध बढ़ रहे हैं और यह एक अद्भुत संकेत है।' जिनपिंग ने रउड सम्मेलन के रिसेप्शन में पीएम मोदी का स्वागत किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों/शासनाध्यक्षों के आधिकारिक स्वागत समारोह में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया। संबंधों में सकारात्मक गति-जिनपिंग से मुलाकात पर बोले पीएम मोदी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात को लेकर पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट किया है।

# यूएस टैरिफ से बचने के लिए नाइजीरिया में उत्पादन की पेशकश, लागोस मुक्त क्षेत्र बन सकता है गेमचेंजर



**लागोस ।** अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिससे भारत का करीब 49 अरब डॉलर का व्यापार प्रभावित होने की आशंका है। अब नाइजीरिया ने भारत के उद्योगों के सामने एक पेशकश की है। नाइजीरिया ने उसके लागोस मुक्त क्षेत्र (एलएफजेड) में निर्माण करने की पेशकश की है। लागोस मुक्त क्षेत्र से अमेरिका और दुनिया के अन्य प्रमुख बाजारों तक आसान पहुंच मिलती है। एलएफजेड की प्रबंध निदेशक और सीईओ अदेसुवा लाडोजा ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ ने भारतीय कंपनियों खासकर, कपड़ा, चमड़ा और ऑटोमोबाइल के लिए कड़ी चुनौती पेश की है।

लाडोजा ने कहा कि 'लागोस मुक्त क्षेत्र की खासियत यह है कि अमेरिका को नाइजीरियाई निर्यात पर 14 प्रतिशत तक का न्यूनतम शुल्क लगता है, जो कई अन्य देशों पर लागू शुल्कों से काफी कम है। ऐसे में भारतीय कंपनियां एलएफजेड में अपनी उत्पादन इकाइयां स्थापित कर कम टैरिफ में अमेरिका सामान भेज सकती हैं। लाडोजा ने कहा कि अमेरिका के अलावा, एलएफजेड से दुनिया के अन्य प्रमुख वैश्विक बाजारों तक भी पहुंच आसान हो जाएगी। उन्होंने कहा कि नाइजीरिया में बने सामान यूरोपीय संघ के देशों में जीएसपी से फायदे में रहते हैं और उन्हें कम शुल्क या शून्य शुल्क देना पड़ता है। अफ्रीकी महाद्वीप के बाजारों में भी मिलेगा प्रवेश लाडोजा ने यह भी बताया कि एलएफजेड में उत्पादन से अफ्रीकी महाद्वीप के 1.4 अरब की आबादी वाले बाजार में भी पहुंच मिलेगी। उन्होंने कहा कि 'एलएफजेड केवल लागत-बचत वाला विकल्प ही नहीं है, बल्कि यह एक व्यापार रणनीति भी है, जो भारतीय कंपनियों का जोखिम कम करती है। गौरतलब है कि टाटा इंटरनेशनल ने लागोस मुक्त क्षेत्र में एक असेंबली प्लांट स्थापित किया है। इस सुविधा से टाटा, नाइजीरियाई बाजार के लिए वाणिज्यिक वाहनों की असेंबली करता है।

# यूक्रेनी सांसद एंड्री पारुबी की गोली मारकर हत्या जेलेंस्की बोले- यह एक सोची-समझी साजिश



**कीव ।** यूक्रेन के सांसद और संसद के पूर्व प्रमुख एंड्री पारुबी की ल्विव शहर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इसे 'सुनियोजित हमला' बताया है। हमलावर की पहचान नहीं हो सकी है और फरार अपराधी की तलाश जारी है। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हत्या को 'भयावह अपराध' बताया। इसके बाद शोक जताते हुए उन्होंने इसे पूर्व नियोजित हत्या बताया। जेलेंस्की ने कहा कि ये एक सोची समझी साजिश है। हत्याकांड की जांच कर दोषियों को सजा दिलाने के लिए सरकार सभी संसाधन झोंकेगी।

## यूरोपीय संसद अध्यक्ष ने जताया दुख

वहीं पारुबी की हत्या के बाद यूरोपीय संसद अध्यक्ष रोबर्टा मेटसोला और पूर्व राष्ट्रपति पेट्रो पोरोशेंको ने भी गहरा दुख जताया। पोरोशेंको ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह सिर्फ किसी व्यक्ति पर नहीं, बल्कि सेना, भाषा और आस्था पर हमला है। एंड्री परुबी यूक्रेन के सच्चे सपूत थे। यह एक आतंकवादी हमला है और दोषियों को सजा मिलनी ही चाहिए। फिलहाल हमलावर की पहचान नहीं हो सकी है और पुलिस उसकी तलाश में लगी हुई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पारुबी को कई बार गोली मारी गई। इससे पहले कोई मदद या फिर आपातकालीन सेवाएं पहुंच पातीं, उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हमलावर शॉर्ट बैरल वाले हथियार से लैस था और वारदात के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी पूरी तरह से तैयार होकर हत्या के इरादे से आया था। पारुबी के बारे में जानिए 54 साल के पारुबी यूक्रेनी संसद के एक सक्रिय सदस्य थे।

# वर्जिन ऑस्ट्रेलिया की फ्लाइट के शौचालय में आई समस्या, बोतल में पेशाब करने के लिए मजबूर हुए यात्री



**ब्रिसबेन ।** वर्जिन ऑस्ट्रेलिया की एक फ्लाइट से अजीबोगरीब खबर सामने आ रही है। जहां यात्रियों को यात्रा के दौरान शर्मनाक स्थिति का सामना करना पड़ा, जब टॉयलेट खराब हो जाने के कारण उन्हें बोतलों में पेशाब करनी पड़ी। यह घटना पिछले हफ्ते बाली (इंडोनेशिया) से ब्रिसबेन (ऑस्ट्रेलिया) आ रही फ्लाइट में हुई। यह फ्लाइट बोइंग 737 मैक्स 8 विमान से संचालित हो रही थी और गुरुवार दोपहर डेनपसार से रवाना हुई थी। उड़ान के समय एक पिछला टॉयलेट पहले से ही मरम्मत के चलते बंद था। लेकिन यात्रा के दौरान बाकी टॉयलेट भी खराब हो गए, जिससे यात्रियों को 6 घंटे की उड़ान में टॉयलेट की सुविधा नहीं मिली।

यात्रियों ने बताया अपना अनुभव विमान में हुए इस कृत्य के बारे में यात्रियों ने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। इस दौरान एक यात्री ने कहा कि आखिरी तीन घंटे बेहद मुश्किल भरे थे। कुछ लोगों को बोतल में पेशाब करना पड़ा, तो कई यात्री बदबू और असहजता से परेशान दिखे।

बुदुर्ग महिला को करना पर दिक्कत का सामना यात्री ने बताया स्थिति इतनी खराब हो गई कि एक बुजुर्ग महिला के खुद को नहीं रोक पाने की वजह से वह सार्वजनिक रूप से पेशाब कर बैठीं, जिससे उन्हें शर्मिंदगी झेलनी पड़ी। वहीं एक यात्री ने बताया कि फ्लाइट के बीच में ही सभी टॉयलेट काम करना बंद कर दिए। बाकी समय हमें बोतल में या फिर पहले से गंदे टॉयलेट में ही पेशाब करने को कहा गया। यह अपमानजनक और तनावपूर्ण था।

एयरलाइन ने मांगी माफी हालांकि मामे में वर्जिन ऑस्ट्रेलिया ने माफी मांगते हुए कहा कि वे यात्रियों को हुई परेशानी के लिए खेद प्रकट करते हैं और प्रभावित लोगों को फ्लाइट क्रेडिट दिया जाएगा। एयरलाइन ने अपने स्टाफ की भी सराहना की जिन्होंने इस मुश्किल स्थिति को संभालने की कोशिश की। ऑस्ट्रेलियाई ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन ने इस घटना की आलोचना करते हुए इसे यात्रियों और क्रू के लिए गंभीर स्वास्थ्य खतरा बताया।

# इस्राइल उत्तरी गाजा में मदद भेजना बंद सैन्य आक्रमण बढ़ने के बीच इन विकल्पों पर मंथन



**इस्राइल ।** इस्राइल जल्द ही उत्तरी गाजा में मानवीय सहायता को रोक देगा या उसे धीमा कर देगा। एक अधिकारी ने शनिवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि इस्राइल ऐसा इसलिए कर सकता है, क्योंकि वह हमास के खिलाफ अपने सैन्य अभियान का विस्तार कर रहा है। यह जानकारी ऐसे समय में सामने आई है, जब एक दिन पहले ही गाजा सिटी को आधकारिक रूप से युद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। इस फैसले से इस्राइल सरकार की आलोचना और बढ़ने की संभावना है, क्योंकि लगभग 23 महीने से जारी युद्ध में गाजा के लोगों और वहां बचे इस्राइली बंधकों की स्थिति को लेकर देश-विदेश में नाराजगी तेज हो रही है। आने वाले दिनों में सहायता ट्रकों की संख्या घटाएगा इस्राइल एक इस्राइली अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बात की। उन्होंने बताया कि इस्राइल आने वाले दिनों में गाजा सिटी पर हवाई हमले बंद कर देगा और सहायता ट्रकों की संख्या घटा दी जाएगी। इसके साथ ही लाखों लोगों को दक्षिणी गाजा की ओर ले जाने की तैयारी हो रही है।

इस्राइल ने गाजा सिटी को बताया हमास का गढ़ इस्राइल ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को सहायता पहुंचाने के लिए दिन में लड़ाई रोक दी थी। इस्राइल ने गाजा सिटी को हमास का गढ़ बताते हुए दावा किया कि वहां अब भी भूमिगत सुरंगों का नेटवर्क सक्रिय है। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र और उसके सहयोगियों का कहना है कि इस्राइल की ये राहत व्यवस्था गाजा के लिए रोजाना जरूरी 600 ट्रकों की तुलना में बेहद कम है।

एक और बंधक के अवशेष मिले प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बताया कि शुक्रवार को गाजा में एक और बंधक के अवशेष मिले हैं। यह अवशेष इदान शितवी के हैं। कार्यालय के अनुसार, सात अक्तूबर 2023 को हमास के हमले के बाद इदान का नोवा संगीत समारोह से अपहरण कर लिया गया था। 250 से ज्यादा बंधकों में से अब 48 ही गाजा में बचे हैं। इस्राइल का मानना है कि इनमें से 20 जिंदा हैं। बंधकों के परिजनों को डर है कि सैन्य कार्रवाई बढ़ने से उनकी जान और खतरे में पड़ सकती है। शनिवार को उन्होंने एक बार फिर तेल अवीव में युद्धविराम की मांग करते हुए प्रदर्शन किया।

# चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग से मिले नेपाली पीएम ओली



**काठमांडू ।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने शनिवार को तियानजिन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान पीएम ओली ने भारत और चीन के बीच लिपुलेख को व्यापार मार्ग के रूप में इस्तेमाल करने के समझौते पर आपत्ति जताई। पीएम ओली के सचिवालय ने यह जानकारी दी।

नेपाल लिपुलेख को अपना क्षेत्र बताता है, जबकि भारत इस दावे को खारिज किया है। भारत का कहना है कि यह 'न तो उचित है और न ही ऐतिहासिक तथ्यों और सबूतों पर आधारित।' ओली के सचिवालय ने विदेश सचिव अमृत राय के हवाले से एक बयान में कहा, 'प्रधानमंत्री ओली ने स्पष्ट रूप से भारत-चीन समझौते पर आपत्ति जताई, जिसमें नेपाल की भूमि लिपुलेख को व्यापार मार्ग के तौर पर शामिल किया गया है।

चीन की ओर से आपत्ति पर नहीं आई कोई प्रतिक्रिया बयान में पीएम ओली के हवाले से कहा गया कि नेपाल को विश्वास है कि इस मामले में चीन उसका सहयोग करेगा। हालांकि, चीन की ओर से ओली की आपत्ति पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। चीनी विदेश मंत्रालय के आधिकारिक बयान में भी इस मुद्दे का जिक्र नहीं किया गया। पीएम ओली के सचिवालय के अनुसार, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों और सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई।

## पीएम ओली ने इन मुद्दों को उठाया

चीन में स्थित नेपाली दूतावास द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, पीएम ओली ने पहले से तय परियोजनाओं, जिनमें चीन की बेल्ट एंड रोड पहल (इफ्क्र) भी शामिल है, को तेजी से लागू करने की उम्मीद जताई। उन्होंने खाद, पेट्रोलियम, खनन, मानव संसाधन विकास, जलवायु अनुकूलता और लोगों के आपसी संपर्क जैसे क्षेत्रों में सहयोग का अनुरोध किया।

जिनपिंग ने रणनीतिक आपसी विश्वास बढ़ाने पर जोर दिया चीनी विदेश मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पीएम ओली के साथ वार्ता के दौरान कहा कि चीन-नेपाल सहयोग स्थिरता से आगे बढ़ रहा है और दोनों देशों की जनता एक-दूसरे के और करीब आ रही है। जिनपिंग ने कहा कि दोनों देशों को रणनीतिक आपसी विश्वास बढ़ाना चाहिए और एक-दूसरे के अहम मुद्दों पर दृढ़ समर्थन करना चाहिए। उन्होंने उद्योग, कृषि, पशुपालन, नई ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, तेल-गैस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था और सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की बात कही।

# अमेरिका में चीनी छात्र से घंटों पूछताछ के बाद डिपोर्ट, ट्रंप नीतियों में बदलाव के बावजूद एंट्री बैन



**अमेरिका में पढ़ाई करने पहुंचे एक 22 वर्षीय चीनी छात्र का सपना अचानक टूट गया। चीन से 29 घंटे की लंबी यात्रा के बाद टेक्सास एयरपोर्ट पहुंचे छात्र गू को न केवल घंटों तक पूछताछ का सामना करना पड़ा बल्कि 36 घंटे बाद उसे वापस चीन भेज दिया गया। यही नहीं, छात्र पर पांच साल तक अमेरिका में प्रवेश पर रोक भी लगा दी गई। 22 वर्षीय छात्र से 36 घंटे पूछताछ छात्र ने बताया कि उसके पास सभी दस्तावेज पूरे थे**

**अमेरिका ।** वह यूनिवर्सिटी ऑफ ह्यूस्टन में दर्शनशास्त्र (द्धँ’ङ्क्षरङ्कस्त्रँ८) पढ़ने आया था। इससे पहले वह कॉर्नेल यूनिवर्सिटी में एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत पढ़ाई कर चुका था और तब उसे कोई दिक्कत नहीं हुई थी। लेकिन इस बार एयरपोर्ट पर पहुंचते ही कस्टम अधिकारियों ने उसे रोक लिया, उसके इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस खंगाले और लगातार घंटों पूछताछ की।

पूछताछ का केंद्र उसके चीनी कम्युनिस्ट पार्टी से संबंध और चाइना स्कॉलरशिप काउंसिल से जुड़े चैट्स रहे। छात्र का कहना है कि उसने कभी पार्टी जॉइन नहीं की, हालांकि उसके माता-पिता सदस्य हैं। वह खुद सिर्फ पार्टी की युवा शाखा का हिस्सा रहा है, जैसा कि लगभग हर चीनी युवक होता है। अमेरिकी अधिकारियों पर आरोप

कस्टम अधिकारियों ने उससे 10 घंटे से अधिक पूछताछ की और फिर डिपोर्टेशन का नोटिस थमा दिया। आधिकारिक कारण ह्लअपर्याप्त दस्तावेजह्व बताया गया। छात्र ने कहा कि उसे ठंडे कमरे में रखा गया, जहां वह 40 घंटे से अधिक बिना नींद के रहा और ठंड से कांपता रहा।

चीन ने जताई नाराजगी इस घटना ने अमेरिका और चीन के बीच तनाव को और गहरा कर दिया है। चीनी दूतावास ने दावा किया कि हाल के दिनों में 10 से अधिक छात्रों और शोधकताओं को इसी तरह रोका और वापस भेजा गया है। उनका आरोप है कि अमेरिकी अधिकारी चीनी छात्रों के साथ भेदभावपूर्ण और राजनीतिक रूप से प्रेरित कार्रवाई कर रहे हैं। उधर, ट्रंप प्रशासन की नीतियों में भी विरोधाभास दिख रहा है। एक ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में बयान दिया था कि वह ह्लहजारों चीनी छात्रों का स्वागत करेंगेह्व, वहीं दूसरी ओर एयरपोर्ट पर ऐसे मामलों में सख्ती देखी जा रही है। अब यह छात्र अपील करने पर विचार कर रहा है, लेकिन इसमें वर्षों लग सकते हैं।

# राष्ट्रव्यापी प्रवासी विरोधी रैली 'मार्च फॉर ऑस्ट्रेलिया, भारतीय समुदाय की चिंता बढ़ी



**कैनबरा ।** ऑस्ट्रेलिया में प्रवासी विरोधी प्रदर्शनों का स्वर तेज होने लगा है। आज यानी रविवार को ह्यमार्च फॉर ऑस्ट्रेलियाह्ल नाम से राष्ट्रव्यापी रैली आहूत की गई है। इस रैली के आयोजकों का कहना है कि वे असीमित प्रवासन और कमजोर नेतृत्व के खिलाफ एकजुट हुए हैं। रैली के कारण भारतीय समेत अन्य प्रवासी समुदायों में गहरी चिंता और असुरक्षा का माहौल होने की खबरें सामने आई हैं। ऑस्ट्रेलिया को लंबे समय से एक बहुसांस्कृतिक देश माना जाता रहा है, जहां 136 देशों से आए लोग रहते और काम करते हैं। लेकिन हाल के दिनों में प्रवासियों के खिलाफ आयोजित हो रहे छोटे-छोटे प्रदर्शनों ने सामाजिक सौहार्द पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। केवल ऑस्ट्रेलियाई झंडे का इस्तेमाल, विदेशी झंडों पर रोक मेलबर्न, सिडनी, कैनबरा, ब्रिसबेन, पर्थ, एडिलेड, डार्विन और होबार्ट जैसे शहरों में विरोध-प्रदर्शन पहले ही हो चुके हैं। आयोजकों ने कहा है कि प्रदर्शन के दौरान केवल ऑस्ट्रेलियाई झंडा ही लहराया जाएगा और विदेशी झंडों पर रोक रहेगी। यह घोषणा भारतीय समुदाय समेत कई प्रवासी समूहों के लिए चिंता का कारण बनी है। उनका मानना है कि इससे उनके ह्यअलग-थलगह्ल पड़ने का डर और गहरा हो गया है।

भारतीय समुदाय असुरक्षा की छाया में जी रहा मेलबर्न स्थित वरिष्ठ पत्रकार थिरुवल्लम भासी ने कहा, भारतीय समुदाय असुरक्षा की छाया में जी रहा है। आयोजकों की यह शर्त कि विदेशी झंडे नहीं होंगे, प्रवासियों को लेकर नकारात्मक संदेश देती है। उन्होंने आगे कहा कि सिख समुदाय के नेताओं ने अपने सदस्यों से अपील की है।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैं ललिता पत्नी भगवान सिंह प्लाट नंबर बी 33 लालबाग थाना बॉर्डर लोनी गाजियाबाद की रहने वाली हूं मैंने अपने भाई राहुल चौधरी भाभी प्रीति चाहर बहन पूजा उर्फ. मोना एवं जीजा रोबिन उर्फ राहुल चौधरी को गलत चाल चलन के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं भविष्य में यह सब अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे जिससे हमारा व हमारे परिवार का कोई लेना देना नहीं होगा।

# सांसद अतुल गर्ग ने की लाल किला रामलीला भूमि पूजन में शिरकत







**नई दिल्ली (करंट क्राइम)।** देश की सबसे भव्य और ऐतिहासिक रामलीलाओं में से एक दिल्ली लालकिला परेड ग्राउंड की श्री धार्मिक लीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला के भूमि पूजन समारोह में रविवार को सांसद अतुल गर्ग ने विशेष रूप से शिरकत की। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और राष्ट्रीय अस्मिता का प्रतीक है। उन्होंने आयोजकों को शताब्दी से अधिक समय तक इस रामलीला की परंपरा बनाए रखने पर साधुवाद दिया।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, कई केंद्रीय मंत्री, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन भी मौजूद रहे। हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा से मुलाकात और पारंपरिक पत्तल-सकोरे में प्रसाद वितरण ने आयोजन को और खास बना दिया। गौरतलब है कि यही वही रामलीला है, जहाँ दशहरे पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री रावण दहन करते हैं। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वाले, दिल्ली गेट उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव मित्तल समेत अनेक गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे।

## आज वेव सिटी व सनसिटी प्रबंधन की नीतियों के खिलाफ किसानों का बड़ा प्रदर्शन, पुलिस प्रशासन अलर्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद में आज वेव सिटी निर्माण योजना से प्रभावित किसानों द्वारा बड़े धरना-प्रदर्शन और पैदल मार्च की घोषणा की गई है। जानकारी के मुताबिक किसान नेता अनुज चौधरी (महानगर उपाध्यक्ष कांग्रेस) और अमित चौधरी (काजीपुरा) के नेतृत्व में किसान सुबह 11:00 बजे वेव सिटी गोलचक्कर से ट्रैक्टरों, गाड़ियों और निजी वाहनों के काफि ले के साथ निकलेंगे।

यह काफि ला महरौली, बम्हैंटा अंडरपास होते हुए डायमंड फ्लाईओवर से हापुड़ चुंगी (थाना कविनगर क्षेत्र) पहुंचेगा। वहीं अन्य क्षेत्रों से आने वाले किसान भी सीधे हापुड़ चुंगी पहुंचकर वहां से 12:00 बजे पैदल मार्च प्रारंभ करेंगे। किसानों का यह पैदल मार्च गाज़ियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ऑफिस, थाना सिहानीगेट तक पहुंचेगा, जहां किसान अपनी लंबित मांगों को लेकर नारेबाजी और धरना-प्रदर्शन करेंगे।

**बड़ी आशंका :** पुलिस सूत्रों के अनुसार, यदि मौके पर किसानों को उचित आश्वासन नहीं मिला तो जीडीए ऑफिस के सामने सर्विस रोड पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू हो सकता है।

**कार्यक्रम में शामिल प्रमुख नेता :** अनुज चौधरी (महरौली), अमित चौधरी (काजीपुरा), गुड्डू मुखिया (महरौली), सतीश त्यागी (बयाना), टीकम नागर (इकला), आनंद नागर (इकला), नजर चौधरी (डासना) समेत प्रभावित गांवों के सैकड़ों किसान।

### किसानों की प्रमुख मांगें

- वर्ष 2014 में हुए समझौते को लागू कर 8% की दर से प्रभावित किसानों को प्लॉट और रजिस्ट्री दिलाना।
- भूमिहीन किसानों को नियम अनुसार प्लॉट और फ्लैट दिलाना।
- प्रभावित गांवों का विकास कार्य कराना।
- सनसिटी और वेव सिटी प्रबंधन द्वारा कथित उत्पीड़न और समझौते की शर्तों का उल्लंघन रोकना।
- समाचार पत्रों में छपी 'वेव सिटी प्रबंधन के विरुद्ध अपील खारिज, किसानों को झटका' जैसी खबरों पर कार्रवाई करना।

## शुभकामनाएं



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सहकारिता क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सारस्वत ने भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एसपी सिंह को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। वीरेंद्र सारस्वत ने जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए सरदार एसपी सिंह के उत्तम स्वास्थ्य और उनकी लंबी आयु की कामना की।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इस बात पर नदिया पार की पूर्व पहाड़न मैम्बर हो रहीं हैं ऊतारू? वो ले रही हैं मौजूदा वाले मैम्बर को टॉरगेट पर, कि वो क्षेत्र में कैसे बिकने दे रहे हैं दारू? सुना है इस बात को लेकर उन्होंने जनता में बनाया हुआ है जबरदस्त माहौल? दे रही हैं संदेश कि कहानी के पीछे ठीक नहीं है मैम्बर का रोल? देखना अब ये है इस विवाद के बीच में शराब वाला अपनी दुकान कितने दिनों तक पता है खोल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इन्दिरापुरम में चल रही थी मन की बात? मगर यहां पर तो मौजूदा से लेकर पूर्व भगवा कमिश्नरों के दिखे दूरियों वाले हालात? हमने देखा तीनों नहीं कर रहे हैं एक दूसरे की केयर? नहीं तो प्रधानमंत्री की बात सुनने के लिए तीनों एक साथ डाल सकते थे चेयर? मगर मैडम गुप्ता ने चुना अपना स्थान? मीत भैया ने भी अपनी ओर से तैयार किया मन की बात सुनने का प्लान? शुक्ला जी ने भी दिखाया कुछ अलग ही अंदाज? अपन साथियों के साथ उन्होंने अलग से सुनी मन की बात?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बता रहे हैं पूरी राय से नदिया पार वाले मैम्बर मदन भैया की बात? सच बतायें वो दिल से बड़े सॉफ्ट हैं, नहीं सह पाते हैं कोई भी घात? हमने देखा उन्होंने पार्षद ऐसोसिएशन वाले ग्रुप में मांगी थी कार्यकारिणी में जाने की सपोर्ट? मगर सुबह से हो गई शाम किसी भी मैम्बर ने नहीं लगाई ओके की रिपार्ट? बस हमें पता चली फिर एक बात, इस अनदेखी से हो गये मिस्टर राय बहुत ज्यादा नाराज? कर दिया उन्होंने पार्षद एसोसिएशन ग्रुप से लेफ्ट? ऐसे तो तिल्लियों की तरह बिखर जायेगी ये एकता? अगर नहीं दिया जायेगा इतने सौम्य पार्षद की आवाज पर ध्यान? इस बात को आप लिख कर भी रख सकते हो श्रीमान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमारा पहुंचा देना सपा के अध्यक्षों तक पैगाम? अगर मैम्बर कल्लन जैसे कार्यकर्ता पार्टी में हैं? तो फिर मजबूत ही रहना है साईकिल का पैगाम? हमे पता चला विपक्ष के एक मैम्बर ने कार्यकारिणी चुनाव के लिए कल्लन भैया के कंधे पर रखा हाथ? कहा आप हमें सपोर्ट करो, हम आपकी सेवा करेंगे बेहिसाब? सुना है इस ऑफर पर कह दी सामने वाले मैम्बर को दो टूक? कहा आपके करोड़ों भी हमारा ईमान नहीं डगमगा पायेंगे? हम अपनी पार्टी से प्यार करते हैं खूब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कुछ इसी तरह दिखे हमें भगवागढ़ के ज्वाईनिंग मैम्बरशिप लेने वाले पार्षद के भी हालात? उन्होंने दे दिया स्पष्ट संदेश, वोट के बदले नोट की मेरी कैसी भी नहीं है चाहत? मगर मेरा भी है एक उसूल? मैं उसे ही वोट दूंगा जिसे मैं करूंगा दिल से कबूल? मुझे मेरा फैसला लेने पर पार्टी भी नहीं पायेगी रोक? आखिर मैं रखता हूं सौ के सौ मैम्बर में से अलग ही सोच?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा पहलवान ने कांग्रेस कार्यालय पर पहुंच कर प्रदर्शन तो जोरदार कर डाला? मगर कहने वाले कह रहे थे जब वो पहुंचे तब लटका हुआ था वहां पर ताला? कहने वाले ने कहा बंद ताले को देख कर कम से कम वो विपक्ष वालों का पुतला तो सकते थे फूंक? मगर उन्होंने इतना मौका होते हुए क्यों नहीं की ये वाली ट्रिक यूज? क्या उन्हें थी कार्यालय बंद होने की जानकारी? या फिर पहलवान के खौफ से हाथ वालों ने कार्यालय में डाल दी थी बेडियां बहुत सारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अपने प्रिय राम का बढ़ा दिया भगवा योद्धा ने मान? आज तक नहीं दिया था लेकिन इस बार दिला दिया है बड़ा वाला काम? एमएलसी चुनाव को लेकर उन्होंने दिलवा दी है अपने प्रिय को संयोजक वाली जिम्मेदारी? कहने वाले ने कहा ये जिम्मेदारी अपने आप में है बहुत भारी? कहने वाले ने कहा इस बात से हो या है ये क्लीयर? जो रहेगा भगवा योद्धा के साथ शिद्दत से, उसे खिलावायें वो मजबूत वाली पारी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आज जब होगा कार्यकारिणी चुनाव? चुनाव के दौरान एक ऐसा चेहरा भी भरेगा नामांकन? जिसके पास नहीं होगा ज्यादा वोटों का भाव? बावजूद इसके ये चेहरा मजबूती से खेलेगा गेम? सुना है एक अधिकारी ने इनका मार्ग कर दिया है पूरी तरह से क्लीन? इस चेहरे का चुनाव में मजबूत रहेगा वजूद? अंदरखाने हमें इनकी सपोर्ट के मिले हैं बहुत बड़े सबूत?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा कमांडर ने कार्यकारिणी चुनाव में दिखा दिया अपना दम? उस क्षेत्र से भेज दिये दो-दो पार्षद कार्यकारिणी में, जहां पर संख्या बहुत है कम? कहने वाले ने कहा आज भी नहीं है उनका इस मामले में कोई तोड़? ये वाली पारी वो खेलते हैं बेजोड़? अपने दो खास चेहरो को भेजकर उन्होंने कर दिया है हक अदा? बता दिया है कि यूं ही नहीं है लाईन पार का सिस्टम उन पर फिदा?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जैसे हुई कार्यकारिणी चुनाव की घोषणा? वैसे ही पोस्टर फाड़ कर आया प्रवीण चौधरी का नाम? उनके नाम को सुनकर हो गये कार्यकारिणी के दूसरे उम्मीदवार हैरान? उन्होंने कहा हमें आज तक नहीं पता चली है इनकी सोर्स? कितने मजबूत हैं इनके रिसोर्स? हमें इनसे करनी होगी दोस्ती मजबूत? सच में इनकी एन्ट्री ने जलवा बिखेर दिया है खूब?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## विधायक संजीव शर्मा ने 26 लाख से अधिक के विकास कार्यों का किया शुभारंभ




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाज़ियाबाद के शहर विधायक संजीव शर्मा ने शनिवार को वार्ड-27 डुंडाहेड़ा, शांतिनगर में कई विकास कार्यों की शुरुआत की। इन परियोजनाओं में लगभग 23.58 लाख रुपये की लागत से नाली और इंटरलॉकिंग टाइल्स का निर्माण और लगभग 2.45 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण शामिल है।

नाली और इंटरलॉकिंग टाइल्स का निर्माण ऋषिपाल के मकान से लेकर प्रियंका के मकान तक विभिन्न गलियों में किया जा रहा है। इसके अलावा, विधायक निधि से प्रमोद त्यागी के मकान से अंकुर त्यागी के मकान तक सीसी रोड का निर्माण भी शुरू हो गया है।

इस अवसर पर विधायक शर्मा ने कहा कि उनका उद्देश्य शहर के विकास की यात्रा को जारी रखना और क्षेत्र के निवासियों को सभी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी निवासी को कोई परेशानी नहीं होगी। विधायक के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने बताया कि वार्ड में अन्य विकास कार्य भी जल्द ही शुरू किए जाएंगे।

## गाजियाबाद में हिंदू युवा वाहिनी का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम आयोजित

### पर्यावरण बाबा ने दिया पेड़ लगाने का संदेश




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** हिंदू युवा वाहिनी का पश्चिम उत्तर प्रदेश व ब्रज क्षेत्र का संयुक्त एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग रविवार को गाज़ियाबाद में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिंदू युवा वाहिनी के संरक्षक और पर्यावरण बाबा के नाम से प्रसिद्ध आचार्य महामंडलेश्वर आवाहन अखाड़ा स्वामी अरुण गिरी जी महाराज शामिल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ नए सदस्य जोड़ें और पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पेड़ लगाएँ।

#### संगठनात्मक चर्चा और मार्गदर्शन

**करंट क्राइम।** हिंदू युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह राठौर ने अध्यक्षता करते हुए संगठन की संरचना, नियुक्ति और आगामी कार्यक्रमों पर जानकारी दी। मुख्य वक्ता अनिल सिंह खेड़ा (पूर्व क्षेत्रीय मंत्री व राष्ट्रीय संयोजक) ने कार्यकताओं से सेवा कार्य करने और अन्य संगठनों की अच्छी बातों को अपनाने का आह्वान किया। राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट दिनेश भाटी ने प्रशासन व न्यायालय से संबंधित समस्याओं पर प्रकाश डाला। प्रदेश प्रभारी विपिन तोमर ने संगठन के उद्देश्यों पर चर्चा की, जबकि उत्तर प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिद्ध राज सिंह ने अनुशासन और कार्य योजना पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

**प्रमुख नियुक्तियाँ और निर्णय :** बैठक में सर्वसम्मति से फर्जी नाम से संगठन का उपयोग करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर अमित त्यागी को पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा क्षेत्रीय सचिव हेमंत सिसोदिया, क्षेत्रीय मंत्री प्रह्लाद पहुजा, मेरठ मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, उपाध्यक्ष मुकेश चौहान, गाज़ियाबाद जिला अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक राहुल त्यागी सहित प्रदेश व क्षेत्रीय स्तर के लगभग 150 पदाधिकारी शामिल हुए।

## अभद्र टिप्पणी मामले में भाजपा ने किया कांग्रेस कार्यालय का घेराव

### पप्पू पहलवान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का विरोध प्रदर्शन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माताजी के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को गाजियाबाद जिला कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया। भाजपा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में कार्यकर्ता मेरठ मोड़ से पैदल मार्च करते हुए कांग्रेस कार्यालय पहुंचे और जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

**राहुल गांधी पर केस दर्ज करने की मांग :** प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी, तेजस्वी यादव सहित कांग्रेस नेताओं के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की मांग की। भाजपा नेताओं का कहना था कि यह बयान न सिर्फ मातृ सम्मान का अपमान है बल्कि प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद की गरिमा को भी ठेस पहुँचाता है।

पप्पू पहलवान ने कहा कि यदि ऐसे अपमानाजनक वक्तव्यों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में कोई भी व्यक्ति देश के नेतृत्व एवं मातृ सम्मान का अपमान करने का दुस्साहस करेगा।

**नारेबाजी और विरोध :** कांग्रेस कार्यालय के बाहर भाजपा कार्यकताओं ने कांग्रेस मुदार्बाद, मातृ सम्मान की रक्षा करोह्व जैसे नारे लगाकर विरोध जताया। प्रदर्शन स्थल पर माहौल गरम रहा और कांग्रेस नेताओं के आचरण की तीखी निंदा की गई।

## सम्मान



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। विकास संघर्ष समिति ने पत्रकार सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। समिति की ओर से रविवार को दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी को उनकी उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी सलेक भैया, शिवराज त्यागी, बृजपाल सिंह, कृष्णानंद मुख्य रूप से मौजूद थे।

## यशोदा मेडिसिटी ने इंदिरापुरम में आयोजित किया शुरुआती जांच पर केंद्रित मेगा कार्डियक कैम्प

### एक पहल जिसने प्रमुख विशेषज्ञों, रोकथाम जांच और जनजागरूकता को एक साथ जोड़कर हृदय रोग की जल्दी पहचान और बचाव को संभव बनाया






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यशोदा मेडिसिटी, इंदिरापुरम, ने रविवार, 31 अगस्त 2025 को मेगा कार्डियक कैम्प सफलतापूर्वक आयोजित किया, जिसमें समुदाय के लोगों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। इस कैम्प में निःशुल्क परामर्श, फ्री स्क्रीनिंग और उन्नत हृदय जांचों को विशेष दरों पर उपलब्ध कराया गया, जिससे हृदय रोग की शुरूआती पहचान और रोकथाम पर जोर दिया गया।

कैम्प का नेतृत्व विशेषज्ञों की टीम ने किया, जिनमें डॉ. रचित सक्सेना, निदेशक और यूनिट हेड, कार्डियो-थोरेसिक और वास्कुलर सर्जरी, डॉ. मनीष अग्रवाल, निदेशक, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी और स्ट्रक्चरल हार्ट, डॉ. असीत खन्ना, निदेशक, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, डॉ. विकास कुमार केशरी, एसोसिएट निदेशक, कार्डियो-थोरेसिक और वास्कुलर सर्जरी, डॉ. धीरेंद्र सिंघानिया, निदेशक, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, और डॉ. आयुष गोयल, एसोसिएट निदेशक, कार्डियो-थोरेसिक और वास्कुलर सर्जरी शामिल थे।

ईसीजी, बीएमआई, रक्तचाप और रक्त शर्करा की जांच की सुविधा मिली, साथ ही विशेष दरों पर उपलब्ध जांचें जै सेइकोकार्डियोग्राफी (इको), लिपिड प्रोफाइल, एचबीए1सी, कार्डियक रिस्क पैनल, टीएमटी, सीटी कोरोनरी एंजियोग्राफी और अन्य हृदय संबंधी मूल्यांकन उपलब्ध कराए गए। कैम्प में जीवनशैली, तनाव और जोखिम कारकों के प्रबंधन पर व्यक्तिगत परामर्श भी दिया गया।

ऐसी पहलों के माध्यम से, यशोदा मेडिसिटी रोकथाम पर आधारित स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने और उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं को समुदाय के लिए सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

डॉ. पी.एन. अरोड़ा, चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, यशोदा मेडिसिटी ने कहा, हृदय रोग लाखों लोगों को प्रभावित करता है और अक्सर बिना चेतावनी के सामने आता है। इस कैम्प के माध्यम से हमने जागरूकता फैलाने और रोकथाम पर आधारित हृदय देखभाल को लोगों के करीब लाने की दिशा में कदम उठाया है।

डॉ. रचित सक्सेना ने कहाः शुरूआती जांच सबसे मजबूत उपकरण है, जिससे गंभीर हृदय समस्याओं को रोका जा सकता है। आज के इस कैम्प में लोगों की सक्रिय भागीदारी जागरूकता और समय पर कार्रवाई की ओर एक सकारात्मक बदलाव दशार्ती है, जो जीवन बचाने में असली फर्क डाल सकती है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।